आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 17°C |

इनसाइड न्यूज
क्या सिस्टम की मिलीभगत से खड़ा हुआ अवैध 'कबाब कॉम्प्लेक्स'?
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 01 मार्च, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 139 www.janexpresslive.com/epaper



चुनाव से पहले ममता का महिला सुरक्षा... 12

# अमेरिका-इजराइल का ईरान के कई शहरों पर हमला

## 85 स्कूली छात्राओं की मौत: ईरानी रक्षामंत्री के मारे जाने की खबर, ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं, कतर-बहरीन और यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान

इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। ईरानी न्यूज एजेंसियों ने बताया कि दक्षिणी ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। इससे पहले न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है। जवाब में ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।





### ईरान-अमेरिका के बीच बैलिस्टिक मिसाइल पर विवाद चल रहा था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजराइल छोड़ने के लिए कहा था। ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है। ईरान का कहना है कि यह उसके बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रक्षा के लिए जरूरी है। ईरान का कहना है कि जून 2025 में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु साइटों पर हमला किया, तब ईरान की मिसाइलों ने ही उसकी रक्षा की। ईरानी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि मिसाइल कार्यक्रम पर कोई बात नहीं होगी। यह ईरान की रक्षात्मक क्षमता है और इसे छोड़ना मतलब खुद को कमजोर करना होगा। ईरान कहता है कि बातचीत सिर्फ परमाणु कार्यक्रम तक सीमित रहेगी, मिसाइल या क्षेत्रीय समूहों पर नहीं।

### अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### ईरान ने लोगों से तेहरान छोड़ने की अपील की

ईरान की नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने लोगों से राजधानी तेहरान छोड़ने को कहा है। ब्रिटिश एयरवेज ने कहा कि वह 3 मार्च तक तेल अवीव और बहरीन के लिए सभी उड़ानें रद्द कर रही है। एयरलाइन ने बताया कि सुरक्षा सबसे जरूरी है और वह अपने कस्टमर्स को उनकी यात्रा के अन्य ऑप्शन के बारे में बता रही है। इजराइल का अनुमान है कि ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड के कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर को मार दिया गया है। वह पिछले कमांडर हुसैन सलामी की हत्या के बाद 2025 में इस पद पर आए थे। हुसैन सलामी की भी मौत इजराइल के हमलों में हुई थी। कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरानी हमले के बाद कतर को जवाब देने का पूरा अधिकार है। मंत्रालय ने कहा कि कतर की जमीन को मिसाइलों से निशाना बनाना गलत है, यह देश की सुरक्षा के लिए खतरा है और क्षेत्र की शांति और स्थिरता को भी नुकसान पहुंचाता है।

### ईरान-इजराइल वॉर पर देशों के बयान

- भारत के दूतावास ने भारतीय नागरिकों को पूरी सावधानी बरतने, गैर जरूरी यात्रा से बचने और हालात पर लगातार नजर रखने की सलाह दी।
- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि हालात खतरनाक हैं और नागरिकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा करने की अपील की।
- मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि ये हमले मिडिल ईस्ट को संकट के कगार पर ला रहे हैं। अमेरिका और ईरान को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।
- स्लोवेनिया की राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर ने कहा कि यह तनाव शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है।
- ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनका देश अमेरिका के कदम का समर्थन करता है ताकि ईरान परमाणु हथियार न बना सके।

### 'खामेनेई को निशाना बनाया था'

रॉयटर्स से बात करते हुए एक इजराइली अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान दोनों को निशाना बनाया गया। इससे पहले रॉयटर्स ने एक सूत्र के हवाले से बताया था कि खामेनेई तेहरान में नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। एक ईरानी सूत्र ने बताया कि हमलों में कई सीनियर रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडरों और राजनीतिक अधिकारियों की मौत हो गई। ईरानी मीडिया ने यह भी बताया है कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची और राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### ईरान की चेतावनी- अमेरिका को सपोर्ट करने वाले बेस को निशाना बनाएंगे

ईरानी जनरल स्टाफ ने कहा कि कोई भी बेस जो अमेरिका और इजराइल को सपोर्ट देता है, वह हमारी सेना का टारगेट होगा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया है कि इजराइली हमले में ईरान के मीनाब शहर में एक स्कूल को निशाना बनाया गया। हमले में 5 छात्राओं की मौत हो गई है। ईरान-इजराइल जंग की वजह से एअर इंडिया ने मिडिल ईस्ट के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में मौजूदा तनाव देश के अधिकारियों की गलती है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ईरानी लोगों के साथ खड़ा है और वहां सरकार बदलने की अपील दोहराता है।

### ईरान की अपील- सभी देश इजराइल के हमले की निंदा करें

नई दिल्ली में ईरान के दूतावास ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के हमले ईरान की संप्रभुता और देश की जमीन पर अवैध हमला हैं। दूतावास ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के नियमों का उल्लंघन है और ऐसे हमले यह दिखाते हैं कि इन देशों को शांति और सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है। ईरान ने कहा कि उसे अपने देश की रक्षा करने का अधिकार है और किसी भी हमला होने पर उसका जवाब दिया जाएगा। दूतावास ने दुनिया के सभी स्वतंत्र देशों से अपील की कि वे इन हमलों की निंदा करें और देशों की संप्रभुता और कानून का सम्मान करें।

### यूएई बोला- ईरानी हमले का जवाब देंगे

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश पर ईरान की मिसाइलों से हमला हुआ, लेकिन एयर डिफेंस सिस्टम ने कई मिसाइलें रोक दीं। अबू धाबी के एक इलाके में मिसाइल के टुकड़े गिरने से कुछ नुकसान हुआ और एक इंसान की मौत हो गई। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला नागरिकों और सरकारी जगहों के लिए खतरनाक और गलत है। यूएई ने कहा कि यह देश की सुरक्षा और कानून का उल्लंघन है और देश को इस हमले का जवाब देने का पूरा अधिकार है। रिपोर्ट के मुताबिक, इराक के जुर्फ अल-साखेर बेस पर हवाई हमला हुआ। यहां लेबनानी विद्रोही संगठन हिज्बुल्लाह का ठिकाना है। हमले में 2 लोग मारे गए और 5 घायल हुए। यह साफ नहीं है कि हमला किसने किया।

### ईरान पर हमले से भारतीय छात्रों के माता-पिता परेशान

ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहमद मोमिन ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान में हमलों से वहां पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता परेशान हैं। मोमिन ने भारत सरकार से अपील की है कि ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ छात्रों ने अपने पासपोर्ट ईरान में रहने की अवधि बढ़ाने के लिए जमा कराए थे और उन्हें यह पासपोर्ट जल्द वापस लौटाए जाने चाहिए।

### नेतन्याहू बोले, ईरान की मौजूदा सरकार से पूरी दुनिया को खतरा

नेतन्याहू ने अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद अपने पहले वीडियो मैसेज में तेहरान में शासन बदलने की बात कही। उन्होंने ईरान की जनता से कहा कि वे जुल्म के बोझ को हटाएं और एक आजाद और शांतिपूर्ण ईरान बनाएं। उनके मुताबिक, अमेरिका-इजराइल के हमले ऐसे हालात बनाएंगे, जिससे ईरान के लोग अपना भविष्य खुद तय कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार को परमाणु हथियार हासिल करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे पूरी दुनिया को खतरा हो सकता है।

# प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त सिलिंडर का उपहार, रिफिल के लिए 1500 करोड़ हुए जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थी परिवारों को निशुल्क सिलिंडर का उपहार दिया। इसके लिए 1500 करोड़ रुपये की राशि जारी की। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि होली व दीपावली पर लाभार्थियों परिवारों को एक-एक निःशुल्क सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। उज्ज्वला योजना के तहत देश में 10 करोड़ से अधिक लोगों को गैस कनेक्शन की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में 1.86 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिला है। उन्होने 10 लाभार्थी महिलाओं को सब्सिडी राशि के प्रतीकात्मक चेक दिए। सीएम योगी ने कहा कि देश में केवल चार जातियां गरीब, किसान, महिला और युवा हैं। इसमें सभी पंथ, संप्रदाय, मत और मजहब समाहित हैं। ऐसे में जब भी किसी योजना का लाभ दिया जाएगा तो उसका मंत्र केवल सबका साथ, सबका विकास ही होगा। कोरोना महामारी समाप्त हुए काफी समय हो चुका है, लेकिन आज भी देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। इनमें अकेले उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ लाभार्थी शामिल हैं। उज्ज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से वर्ष में 9 सिलेंडर सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। वर्ष में दो सिलिंडर राज्य सरकार मुफ्त देती है। योगी ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को भी प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसा पहले नहीं था, क्योंकि पहले की सरकारों की सोच संकीर्ण थी। पहले की सरकारें जातीय खेमों में बंटी हुई थीं और समाज को लड़ाने का काम किया जाता था। माफिया समानांतर शासन चलाते थे, अराजकता का माहौल था। उस दौरान न बेटी सुरक्षित थी और ना व्यापारी। पर्व-त्योहारों से पहले उपद्रव की घटनाएं हो जाती थीं, जिसके कारण कर्फ्यू लग जाता था और उत्साह भंग हो जाता था। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। प्रदेश में न कर्फ्यू है और न दंगे। कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण बना है।



### विदेशों में मिलेगा यूपी के युवाओं को रोजगार

सीएम ने कहा कि जर्मनी, जापान, सिंगापुर समेत दुनिया के अन्य देशों से जो निवेश आ रहा है, उसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश और यहां के युवाओं को मिलेगा। सरकार एक ऐसा लिंक स्थापित करने का काम कर रही है, जिसके जरिये प्रदेश के योग्य और प्रशिक्षित युवाओं को सरकार की गारंटी के साथ विदेशों में भी रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। सुबह से शाम तक लगातार काम करने का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

### बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त लगेगा टीका

सीएम ने कहा कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की है। जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है और इसे आगे निशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। पहले की सरकारों में प्रदेश को परिवार मानने के बजाय कुछ लोग अपने परिवार को ही प्रदेश समझते थे। वर्तमान सरकार के लिए उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता ही परिवार है।

### महिलाओं के लिए चलाई जा रहीं अनेक योजनाएं

योगी ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम हो या शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प उद्यमिता मार्ट), महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूत आर्थिक आधार देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना लागू की गई है। महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रयागराज और लखनऊ में मिल्क प्रोड्यूसर संस्थाओं की स्थापना की जा रही है। महिला श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास मिल सके।

### महिला श्रम बल की हिस्सेदारी हुई 36 प्रतिशत

पहले जहां महिला श्रम बल की भागीदारी लगभग 13 प्रतिशत थी, वहीं अब यह बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई है। आज महिलाएं सरकारी नौकरियों, उद्योगों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा वर्कर के मानदेय को क्रमिक रूप से बढ़ाने का निर्णय लिया है। राशन की दुकानों को मॉडल शॉप के रूप में विकसित करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। मॉडल शॉप के निर्माण के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है। दुकानदारों को यह सुविधा दी गई है कि वे नशीले पदार्थों को छोड़कर अन्य सभी आवश्यक वस्तुएं भी बेच सकेंगे।

### भरमाने वालों से रहें सावधान : बृजेश

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के राज में विधायकों-सांसदों के सिफारिश पर गैस कनेक्शन मिलते थे, लेकिन आज सबको मिल रहा है। अब मुस्लिम बहिनों को पति तीन तलाक भी नहीं कह सकता। चुनाव के दौरान लोग भरमाने आएंगे, लेकिन भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं।

### पहले परेशान करते थे सपा के गुंडे : केशव

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उज्ज्वला योजना ने गरीब-अमीर के बीच की खाई पाटने का काम किया है। दो करोड़ और महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ेंगे। यही वजह है कि महिलाएं कमल का बटन दबाती हैं। पहले तो समाजवादी पार्टी के गुंडे परेशान करते थे। हमारी सरकार ने वोट न देने वालों की भी सेवा की है। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद के सदस्य अवनीश कुमार सिंह व लालजी प्रसाद निर्मल, विधायक डॉ. नीरज बोरा व जय देवी आदि उपस्थित थे।

# होली को लेकर प्रदेश में जारी हुई चेतावनी, अवैध और मिलावटी शराब पर विशेष रूप से रखी जाएगी नजर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

होली के मद्देनजर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शनिवार को सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और आबकारी अधिकारियों संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मीटिंग की। उन्होंने निर्देश दिए कि त्योहार पर विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्य सचिव ने अवैध व जहरीली शराब के उत्पादन व बिक्री पर पूर्ण रोक लगाने, शराब की दुकानों, ढाबों और संदिग्ध स्थलों पर औचक निरीक्षण करने व अंतरराज्यीय सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाने को कहा है। भांग की अधिकृत दुकानों पर किसी भी दशा में गांजा की बिक्री न होने देने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। इसके अलावा खनन विभाग की समीक्षा में राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति, स्रोत स्तर पर निगरानी, ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। एक दिन पहले सीएम योगी भी होली को लेकर विशेष सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दे चुके हैं।

# सात और आठ मार्च को होगा महिला चिंतकों का राष्ट्रीय सम्मेलन

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महिला चिंतकों का राष्ट्रीय सम्मेलन सात और आठ मार्च को दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा समिति, शरण्य और भारतीय विद्वत् परिषद् के पदाधिकारियों ने बताया की, यह दो दिवसीय सम्मेलन भारती-नारी से नारायणी विषय पर विज्ञान भवन में होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी। जबकि समापन समारोह भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में होगा। राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख कार्यवाहिका की अन्नदनम सीता गायत्री ने कहा, यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय महिलाओं की सकारात्मक शक्ति को एक साथ लाने का प्रयास है। समिति समाज के संपूर्ण विकास के लिए काम करती है। समिति का मानना है कि स्त्री और पुरुष दोनों समान हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना 1936 में हुई थी।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर बरसाए बम, एक के बाद एक कई धमाके

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काबुल

पाकिस्तान और अफगानिस्तान खुली जंग छिड़ गई है। पाकिस्तान को तालिबान करारा जबाव दे रहा है। दिन के उजाले में हमले के बाद तालिबान भी चुप नहीं है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान के नेतृत्व वाले रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे एक के बाद कई पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया है। शुक्रवार को जारी किए गए एक वीडियो में पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले दिखाए गए हैं, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच चरम पर पहुंचे संघर्ष को दिखा रहा है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक्स पर वीडियो साझा किया है, जो कि तालिबान रक्षा मंत्रालय से जुड़ा है। अफगानिस्तान के तालिबान रक्षा मंत्रालय से संबंधित इस फुटेज को मौजूदा तनाव के बीच की गई जवाबी कार्रवाई के सबूत के रूप में बताया जा रहा है। मंत्रालय का दावा है कि यह वीडियो उसकी नवीनतम सैन्य कार्रवाई को दर्शाता है।



### पाकिस्तान का दावा: महत्वपूर्ण क्षति नहीं

वहीं इस हमले को लेकर बीबीसी ने पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि अफगान तालिबान के दागे गए ड्रोनों ने तीन ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें नौशेरा में सेना का तोपखाना स्कूल, एबटाबाद में एक सैन्य अकादमी के पास का इलाका और स्वाबी में एक प्राथमिक विद्यालय के पास का स्थान बताया गया है। उन्होंने दावा किया कि वायु रक्षा प्रणालियों ने सभी ड्रोनों को रोककर नष्ट कर दिया, और इस घटना में किसी के हताहत होने या महत्वपूर्ण क्षति की कोई खबर नहीं है।

# ईरान हमले का विमान सेवा पर पड़ा सीधा असर, दुबई का एयरस्पेस हुआ बंद, लखनऊ से 17 उड़ानें हुई निरस्त

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ईरान पर हमले के चलते दुबई का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। इसके कारण लखनऊ से खाड़ी देशों के बीच हवाई यातायात ठप हो गया। शनिवार को लखनऊ से खाड़ी देशों में दम्माम, मस्कट सहित सात गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली 17 उड़ानें निरस्त कर दी गई। इसमें इंडिगो की उड़ानें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। शनिवार को ईरान पर हुए हमले के बीच दुबई का एयरस्पेस सुरक्षा के लिहाज से बंद कर दिया गया। इससे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से खाड़ी देशों को जाने वाली उड़ानों का संचालन बाधित हो गया। लखनऊ से दम्माम, मस्कट, रसअलखैमा, शारजाह, रियाद सहित सात डेस्टिनेशन के बीच आने-जाने वाली 17 उड़ानें निरस्त कर दी गई। लखनऊ से दम्माम जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-097, इंडिगो की ही कनेक्टिंग उड़ान 6ई-083 व 6ई-081 कैंसिल की गई। ऐसे ही दम्माम से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-098 शनिवार को कैंसिल थी और रविवार को भी निरस्त रहेगी। ऐसे ही इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-082, 6ई-084 भी निरस्त रही। साथ ही एयर इंडिया की एआई-2250 शनिवार को निरस्त रही। लखनऊ से रियाद जाने वाली इंडिगो की 6ई-053 व इंडिगो की ही 6ई-071 कैंसिल रहीं। रियाद से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-054, इंडिगो की ही 6ई-072 भी निरस्त रही। लखनऊ से मस्कट जाने वाली इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-1267 तथा लखनऊ से रसअलखैमा जाने वाली इंडिगो की कनेक्टिंग उड़ान 6ई-1491 एवं रसअलखैमा से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-1492 निरस्त रहीं। लखनऊ से शारजाह जाने वाली इंडिगो की 6ई-1423 एवं शारजाह से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई-1424, इंडिगो की ही 6ई-1422 निरस्त कर दी गई। मामला एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स-872 का है। यह विमान सुबह सवा नौ बजे बंगलुरु से रवाना होकर काठमांडू पहुंचा। लखनऊ एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार दोपहर 2:49 बजे लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचना मिली कि फ्लाइट खराब मौसम के चलते काठमांडू में लैंड नहीं कर पा रही है। कई बार हवा में चक्कर काटे, लेकिन लैंडिंग नहीं हो पाई। ऐसे में इसे लखनऊ डायवर्ट किया गया है।

### ये उड़ानें भी रहीं निरस्त

शनिवार को अमौसी एयरपोर्ट से किशनगढ़ व झारसुगड़ा के बीच चलने वाली स्टार एयर की चार उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। हालांकि इन्हें परिचालन संबंधी कारणों से निरस्त किया गया। लखनऊ से किशनगढ़ जाने वाली स्टार एयर की एस5-223, स्टार एयर की लखनऊ से झारसुगड़ा जाने वाली एस5-229 तथा झारसुगड़ा से लखनऊ आने वाली स्टार एयर की एस5-228 एवं किशनगढ़ से लखनऊ आने वाली एस5-222 निरस्त रहीं।

### बंगलुरु से काठमांडू जा रही उड़ान लखनऊ डायवर्ट

बंगलूरू से नेपाल जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान खराब मौसम के चलते शनिवार को लखनऊ डायवर्ट कर दी गई। इससे पूर्व गत दिवस यह विमान खराब मौसम के कारण ही वाराणसी डायवर्ट कर दी गई थी। विमान में 180 यात्री थे। इससे यात्रियों को दिक्कतें हुईं।

# कूड़े के ढेर में बदलता जा रहा मंत्री के पैतृक आवास का कोठी तालाब, शासन प्रशासन मौन एवं उदासीन

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

एक और सरकार तालाबों की सुरक्षा स्वच्छता का दम भरती है।दूसरी ओर पहले से बने तालाबों पर अतिक्रमण एवं धीरे-धीरे उन्हें कूडा कर-कट डालकर भरने का काम किया जा रहा है।प्रशासन मौन है कोई सुनाई नहीं है अगर कोई इस पर आवाज उठाता है तो उसे भारी संघर्ष एवं दुश्मनी का सामना करना पड़ता है।इसलिए ग्रामवासी आगे आकर किसी प्रकार की शिकवा शिकायत करने से मुकरते हैं।केवल आपस में खुशर- फुसर तो होती है लेकिन कोई आगे बढ़कर इसका विरोध नहीं कर पता है।पैलानी तहसील के पैलानी कस्बे में एक कोठी तालाब नाम का एक तालाब है। जिसके चारों ओर अवैध अतिक्रमण



कारियों के द्वारा किये गये अवैध कब्जों से तीन ओर से तालाब तक आने जाने के रास्ते ही बन्द कर दिये गये हैं।अब हालात यह है कि ग्राम का सारा कूड़ा ट्रैक्टरों में भरा कर ग्राम प्रधान द्वारा इस तालाब में डाला जाता है। ग्राम पंचायत ने गंदी नालियों का कनेक्शन भी इसी तालाब में कर दिया जिससे तालाब में गंदा पानी भरता है कई बार यहां से नाली का कनेक्शन हटाने के लिए लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात कहीं कोई सुनाई नहीं है ना 1076 से कुछ होता है ना किसी प्रार्थना पत्र पर कोई प्रशासनिक अधिकारी सुनता है खासियत यह है कि यह कार्य पैलानी तहसील की नाक के नीचे हो रहा है। जबकि तालाब के पास प्राथमिक विद्यालय भी हैं ग्रामीणों का आरोप है कि उप जिला अधिकारी पैलानी और तहसीलदार जैसे प्रशासनिक अधिकारी 24 घंटे रहते हैं एक समय था।जब इस तालाब में लोग स्नान करते थे।गर्मी के दिनों में पशु इधर-उधर से आकर पानी पीते थे आवारा जानवरों के लिए पानी मिलता था लेकिन अब सब समाप्त है इस तालाब के चारों ओर सरकारी कार्यालय जैसे पुलिस थाना डाकखाना प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्कूल पास में ही बैंक व अस्पताल लगी हुई बस्ती साप्ताहिक बाजार है एक समय था जब इस तालाब की सुंदरता एवं लोकेशन देखने लायक थी लेकिन सरकारी तंत्र की उदासीनता ने पैलानी ग्राम के इस एक मात्र तलाब को को बर्बाद करके रख दिया है अगर समय से ध्यान नहीं दिया जाता तो यह तालाब केवल यादों तालाब का वर्चस्व सही समाप्त हो जाएगा और जब कूड़े एवं गन्दगी से पूरा तालाब भर जाएगा तो यहां पर भी किसी का कब्जा हो जाएगा। जागरूक नागरिकों ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी मंडल आयुक्त से इस तालाब की सफाई कर सुंदरीकरण कराने की मांग की है इस ग्राम में जो भी चकबंदी के दौरान खाद गड्ढे के लिए जमीन छोड़ी गई थी उन पर भी लोगों ने अवैध रूप से घर बना लिए हैं अब यहां कूड़ा फेंकने की कोई जगह नहीं है जिसका खामियाजा इस तालाब को भुगतना पड़ रहा है। यह जानकारी ग्रामीणों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर दी उन्होंने कहा रिपोर्ट सही है शासन प्रशासन इसकी जांच कर सकता है।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व बना गिद्ध संरक्षण की नई उम्मीद, पर्यावरण संतुलन की दिशा में बड़ी सफलता

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जनपद स्थित रानीपुर टाइगर रिजर्व में ईटीवी भारत के कैमरे ने कुछ ऐसी तस्वीरें कैद की है जिससे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

रानीपुर टाइगर रिजर्व मानिकपुर वन विभाग के सकरौहां बीट क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक संरक्षित गिद्धों का एक साथ दिखाई देना न केवल वन विभाग के प्रयासों की सफलता दर्शाती है, बल्कि यह प्रकृति के पुनर्जीवन का भी सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वर्षों पहले विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुके गिद्धों की धीरे धीरे वापसी अब पारिस्थितिक संतुलन के मजबूत होने का प्रमाण बन रही है।

प्रभागी वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार के अनुसार, गिद्ध प्रकृति के सफाईकर्मी माने जाते हैं, जो मृत पशुओं को खाकर पर्यावरण को संक्रमण और बीमारियों से बचाते हैं। एक समय ऐसा था जब क्षेत्र में गिद्धों की संख्या तेजी से घटकर संकटपूर्ण स्तर पर पहुंच गई थी। इसका मुख्य कारण पशुओं के उपचार में उपयोग होने वाली दर्द निवारक दवा डाइक्लोफेनाक थी, जो गिद्धों के गुर्दे के लिए घातक साबित हुई। वर्ष 2006 में इस दवा पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद संरक्षण प्रयासों को नई दिशा मिली।

केंद्र सरकार द्वारा संचालित गिद्ध संरक्षण कार्य योजना 2020 व 2025 के अंतर्गत देशभर में सुरक्षित आवास, भोजन क्षेत्र और प्रजनन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर स्थापित वल्चर कंजर्वेशन ब्रीडिंग सेंटर गिद्धों की संख्या बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, अब मेलॉक्सिकैम जैसी सुरक्षित दवाओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि गिद्धों को नुकसान न पहुंचे।

रानीपुर टाइगर रिजर्व गिद्धों के लिये हॉट स्पाट है जिसे वल्चर सेफ जाने के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां गिद्धों के लिए सुरक्षित भोजन और अनुकूल प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञ टीमों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग, ब्रीडिंग साइट्स की सुरक्षा और जनजागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। इससे गिद्धों की संख्या में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। मानिकपुर के अलावा रानीपुर टाइगर रिजर्व के रैपुरा क्षेत्र में भी गिद्ध देखे गए हैं।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि पशुओं के उपचार में प्रतिबंधित दवाओं का उपयोग न करें और वन्यजीव संरक्षण में सहयोग दें। रानीपुर टाइगर रिजर्व में गिद्धों की बढ़ती मौजूदगी यह संदेश देती है कि यदि सामूहिक प्रयास ईमानदारी से किए जाएं, तो प्रकृति स्वयं को पुनर्जीवित करने की क्षमता रखती है। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण की मजबूत नींव साबित होगी।

गिद्धों की एक बड़ी संख्या देख उत्साहित गांव के ग्रामीण ने बताया कि वातावरण को साफ और स्वच्छ रखने में गिद्धों की बहुत बड़ी भूमिका होती है, इन गिद्धों को उन्होंने एक दशक बाद इस क्षेत्र में देखा है, आशा है वह विभाग के प्रयास से आगे आने वाली पीढ़ी इन्हें देख पाएगी।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया मुरवल गांव

# दबंग ग्राम प्रधान सहित सचिव ने किया जमकर भ्रष्टाचार

## शौचालयो में लगा गंदगी का अंबार वहीं गौशालाओं में अव्यवस्थाओं की भरमार

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

विकास खण्ड बबेरू की ग्राम पंचायत मुरवल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। इस गांव के बाशिदों का कहना है कि सभी सरकारी योजनाएं दबंग ग्राम प्रधान व सचिव के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं।गांव के सामुदायिक शौचालयों में जहां गंदगी का अंबार लगा पड़ा है तो वहीं दूसरी ओर गांव में संचालित गौशाला में भी अव्यवस्थाओं के भरमार है। भूख से तड़पकर गोवंश दम तोड़ रहे हैं। यही वजह है कि तीन सैकड़ा से घटकर गौवंशों की संख्या लगभग डेढ़ सैकड़ा रह गयी है।जनपद के बबेरू ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मुरवल में जब हमारी टीम ने ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट ली तो धरातल पर मानो सारी योजनाएं नदारत दिखाई दीं। गांव के



सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार लगा पड़ा है।इतनी गंदगी से बीमारियों को खुलआम दावत दी जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव की गलियां दल-दल से बजबजा रही हैं।पेयजल के नाम पर लोगों को गंदा और दूषित पानी पीना पड़ रहा है।इसके अलावा सबसे बुरे हाल गांव की गौशाला के हैं।जहां पर गोवंश भूख से दम तोड़ते जा रहे हैं।गौशाला में तीन सौ गौवंशों में मात्र 150 गौवंश ही बचे हैं।वह भी भूख के मारे अधमरे हो गये हैं।ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान दबंग हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।जिसपर लगभग 18 मुकदमे दर्ज हैं।ग्रामीणों ने प्रशासन अधिकारियों से जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# जनपद के समस्त पुलिस थानों में आयोजित हुआ! थाना समाधान दिवस




**जन एक्सप्रेस | बांदा**

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया।थाना समाधान दिवस पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा थाना कोतवाली नगर,क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार द्वारा थाना बदौसा में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया।थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया है।

# बाइक सवार युवक को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर! हुई मौत

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

बबेरू कस्बे के कमासिन रोड परैया दाई के पास बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई।बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पून गांव के रहने वाले जय किशोर पुत्र स्वर्गीय कोदा प्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष यह शुक्रवार की रात्रि अपने गांव से किसी काम को लेकर बाइक द्वारा बबेरू जा रहा था।तभी परैया दाई के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार जय किशोर की मौत हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन व पुलिस के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे।जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।वहीं पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए देर रात्रि मेडिकल कालेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक 6 भाइयों में सबसे छोटा था।इस घटना से मृतक की मां सियावती सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि बाइक सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मार दिया है।जिससे बाइक सवार की मौत हो गई है। ट्रक की तलाश की जा रही है।उधर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मिलेट्स कैंटीन का शुभारंभ

**चित्रकूट।** शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा संचालित प्रेरणा मिलेट्स कैंटीन का उद्घाटन किया गया। कैंटीन में नाश्ते में मिलेट्स उत्पाद बनाये जाएंगे जिसका फायदा चिकित्सालय में आये मरीजों एवं अन्य समस्त नागरिकों को मिल सकेगा। इस उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एन.आर.एल.एम. नरेगा एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### दो अस्पतालों का पंजीकरण निरस्त

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कार्यालय द्वारा जारी नोटिस 11 फरवरी का स्पष्टीकरण न दिये जाने एवं चिकित्सालय की लापरवाही के चलते 19 फरवरी को एम.एस. पटेल हास्पिटल सोनेपुर पंजीकरण जनहित में निरस्त कर दिया गया है। जीवन वर्षा हास्पिटल पहाड़ी रोड कर्वी में प्रशिक्षित स्टॉफ न होने के कारण 19 फरवरी को पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। नारायण हास्पिटल पाण्डेय पुरवा कमासिन रोड राजापुर चिकित्सालय में औचक निरीक्षण किया गया। चिकित्सालय का पंजीकरण नही पाया गया, जिससे चिकित्सालय को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी।

### पंचायत सचिव द्वारा की जा रही मनमानी

**चित्रकूट।** जनपद के मानिकपुर ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भौंरी में पंचायत सचिव द्वारा गांव में मनमानी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव कभी भी समय पर कार्यलय नहीं आती हैं और पूरे हफ्ते में सिर्फ कुछ दिन ही कार्यालय आती हैं। जिसमें न तो लोगों की कोई शिकायत सुनी जाती है और न ही उनकी शिकायत का कोई समाधान किया जाता है। इसी प्रकार गांव के निवासी दशरथ प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने पंचायत सचिव को परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने हेतु आवेदन किया था।

# तमंचे से फायर कर युवक को उतारा था मौत के घाट पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

थाना गिरवां क्षेत्रांतर्गत 24/25 फरवरी की रात्रि कोलावल रायपुर खदान गिरवां में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को थाना गिरवां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार।अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद हुआ।थाना गिरवां पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 24/25 फरवरी की रात्रि को कोलावल रायपुर खदान गिरवां में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने



वाले मोहित पुत्र नवलकिशोर निवासी ग्राम टीहर थाना बिवाँर जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर लिया है।अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है।गौरतलब है कि दिनांक 25.फरवरी को जनपद महोबा के थाना खन्ना क्षेत्र निवासी मृतक के परिजनों द्वारा थाना गिरवां पर तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि उसके पुत्र की हत्या कर दी गई है। सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गिरवां पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी।इसी क्रम में थाना गिरवां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों,भौतिक सत्यापन व मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 28 फरवरी को अभियुक्त को स्योढा पुल थाना गिरवां से गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि पूर्व में हुई एक दुर्घटना को लेकर उसकी मृतक के मध्य पुरानी रंजिश चली आ रही थी।उसी रंजिश के चलते उक्त घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया।अभियुक्त की निशाहदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा,खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

# जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कार्यों की समीक्षा में 15 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण न होने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में किसानों के पंजीकरण की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए।



बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 1,37,349 फार्मर रजिस्ट्री के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 93,993 रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री के अवशेष कार्यों को प्रत्येक दशा में 15 मार्च तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने को कहा। निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित लेखपालों एवं उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि पोर्टल या पंजीकरण प्रक्रिया में आ रही किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर उसका स्थायी निस्तारण कराएं, ताकि डेटा फीडिंग के कार्य में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अपर जिलाधिकारी चन्द्र शेखर, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने पदमश्री डॉ. बी.के. जैन के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पूज्य संत रणछोड़ दास द्वारा स्थापित सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विश्व ख्याति प्राप्त सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ. बुधेन कुमार जैन ने 27 फरवरी दिन शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे चित्रकूट की पावन धरती पर अंतिम सांस लेते हुए सबको अलविदा कर दिया। इस अलविदा पर देश में शोक की लहर है उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके चाहने वालों का तांता लगा हुआ है, लोग कह रहे है कि एक युग पुरुष एक युग और सेवा सम्पूर्ण का अंत हो गया। दूसरों के जीवन को रोशन करने वाला दीपक बुझ गया, डॉ. जैन पिछले दो तीन माह से एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे जिनका इलाज मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में चल रहा था। उनका निधन एक गंभीर बीमारी के चलते हुआ है। आज दिन रविवार को सुबह 10 बजे नेत्र चिकित्सालय परिसर में डॉ. जैन का अंतिम संस्कार होगा। डॉ. जैन जिन्होंने नेत्र चिकित्सक के रूप अपनी सेवा और समर्पण के जरिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के नाम की एक अलग ही पहचान बनाई है। जैन 1974 से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जुड़े और लगभग 52 वर्षों तक गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का काम किया। लगभग 17 लाख लोगों को उन्होंने आंखों की रोशनी देने का काम किया है। 1948 में जन्मे डॉ. जैन की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय विद्यालय व्यंकट क्रमांक सतना में हुई। इसके बाद 1968 से 1973 तक एस एस मेडिकल कॉलेज रीवा से हुई इसके बाद 1977 से 1979 तक पी.जी. की शिक्षा उन्होंने मुंबई से प्राप्त की थी। डॉ. जैन वर्तमान एम्स रायपुर के अध्यक्ष थे। जैन को इस तरह दुनिया से अलविदा कहना समूचे विंध्य सहित देश के लिए एक बड़ी क्षति है। निवारण एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए विगत पांच दशकों में वह पद्मश्री से लेकर कई राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं। वर्ष 1996 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए ढान्ढा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसके बाद वर्ष 2003 में उन्हें फिरदौसी अवार्ड मिला। 2004 में मुंबई में आयोजित आई एडवांस सम्मेलन में उन्हें सामुदायिक नेत्र चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य हेतु लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। वर्ष 2005 में लंदन स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर आई हेल्थ के भारतीय पूर्व छात्रों द्वारा उन्हें सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2007 में उन्हें आर.के. सेठ मेमोरियल अवार्ड। 2008 में ग्लोरी ऑफ इंडिया अवार्ड प्राप्त हुआ। 2010 में अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सम्मेलन में उन्हें सामुदायिक सामाजिक पुरस्कार और ग्रामीण समुदाय में उत्कृष्ट नेत्र सेवा के लिए के.आर. दत्ता पुरस्कार' से नवाजा गया। 2013 उनके लिए सम्मान से भरा वर्ष रहा, जब उन्हें समाज रत्न अवार्ड, विजन 2020 द्वारा श्री धर्मसी नेनसी ओमान अवार्ड। डॉ. एम.सी. नाहटा - राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा पुरस्कार। एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी द्वारा अंधत्व निवारण में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार प्रदान किए गए।

### पत्रकार समाज का आईना ही नहीं, बल्कि मार्गदर्शक भी होता है। नंदगोपाल नंदी, कैबिनेट मंत्री

**हमीरपुर।** जिला प्रेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन। शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुये उत्तर प्रदेश सरकार के कैबनेट मंत्री नंदगोपाल नंदी ने कहा कि पत्रकारों की कलम सिर्फ सच नहीं लिखती, बल्कि समाज की दिशा तय करती है। पत्रकार समाज का दर्पण ही नहीं बल्कि मार्गदर्शक भी है। बिना डरे, बिना सहमे सच को दिखाने के लिये अपनी जान को जोखिम में डालकर जो पत्रकारिता की जाती है, उसके लिये सभी पत्रकार बधाई के पात्र हैं. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जब कोई भी खबर प्रिंट या इलैक्ट्रानिक मीडिया की सुर्खी बनती है, तो उसे प्रदेश और पूरा देश पढता और देखता है। इस मौके पर प्रैस क्लब के अध्यक्ष वीर धनंजय ने कहा कि क्लब के सभी सदस्य उनके परिवार के समान है। पत्रकारों के सम्मान के लिये न तो समझौता करेंगे, और न ही किसी के आगे झुकेंगे।

# राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत 567 लाभार्थियों को मिली स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना अन्तर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा फरवरी माह में कुल 247 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 567 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

नवीन स्वीकृति प्राप्त 247 लाभार्थियों को बजट की उपलब्धता के आधार पर प्रति लाभार्थी 30 हजार रुपये की धनराशि का प्रेषण पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा लाभार्थियों के सीधे बैंक खातों में करते हुए लाभान्वित किया जायेगा। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ है। योजनान्तर्गत परिवार के मुख्य कमाऊ मुखिया की मृत्यु 18 वर्ष या उससे अधिक और 60 वर्ष से कम आयु में हो जाती है तो मृतक के पारिवारिक सदस्य योजना के अंतर्गत पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करते हुये योजना का लाभ उठा सकते हैं। आनलाइन आवेदन के लिए आवेदक का आधार कार्ड, मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र, मृतक की उम्र से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जिसमें वार्षिक आय शहरी क्षेत्र के लिए 56460 रुपये तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो। आवेदक का बैंक खाता रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा अधिकृत ऐसे बैंक में होना चाहिये जो कोर बैंकिंग सिस्टम के अधीन हैं। जिन्हें आई.एफ.एस. कोड प्रदत्त हैं तथा पी.एफ.एम.एस. पर पंजीकृत हैं ताकि ई-पेमेंट के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा धनराशि अंतरित की जा सके। योजनान्तर्गत पात्र पाये गये आवेदक को 30,000 रुपये की धनराशि से लाभान्वित किया जायेगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुशवाहा बस्ती में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का औपचारिक उद्घाटन प्रधानाचार्य सुधा, डॉ. बसंत जायसवाल, कार्यक्रम अधिकारी एस.पी. मिश्रा, डॉ. संजय नायक, भविष्या माथुर, डॉ. अरविंद कुमार ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस विशेष शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमदान से स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रतिदिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर और गांव में घर-घर जाकर वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया और योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवन की सीख दी।

बौद्धिक कार्यक्रम के कुशल संचालक कशिश मिश्रा ने बताया कि स्वयंसेवकों ने होली गीत, लोक गीत और सामाजिक उत्थान पर आधारित गीतों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार नायक ने संबोधित करते हुए अनुशासन और समयबद्धता का महत्व समझाया और नीतियों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या सुधा ने स्वयंसेवकों के जज्बे को सलाम करते




हुए कहा, जागरूकता रैलियों और नाटकों के माध्यम से युवाओं ने समाज को नई दिशा दी है। सफलता निश्चित रूप से इनके कदम चूमेगी। स्वयं सेवकों द्वारा जो आयोजन किया गया, उसके लिए उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को धन्यवाद किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बसंत जायसवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के समस्त गुरूजनों का हमारे विद्यालय में कैंप लगाकर अच्छी तरह से बच्चों को अनुशासन, सेवा, सहयोग समर्पण की भावना को बढ़ावा देने में मदद की है। इसके लिए सभी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेवक मनोज मिश्रा ने सात दिनों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जबकि पूरे सात दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्टिंग सूरज कुमार वर्मा द्वारा की धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी एस.पी. मिश्रा ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, सहयोगी कार्यक्रम अधिकारी का हार्दिक स्वागत अभिनंदन करते हैं। जो सब ने मिलकर आयोजन सफल बनाया है। सामूहिक भोज के बाद स्वयंसेवकों ने टीम भावना से प्रेरित होकर सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन कशिश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर वैभव पांडेय, संजना, कशिश सोनी, करीना, गीता, आदि ने सफल बनाया।



## सीआईएसएफ के 32545 सिपाही बने 'सीनियर...

सीआईएसएफ ने अपने बल कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीनियर कांस्टेबलों के लिए एक विशिष्ट इंसिग्निया (चिन्ह) की शुरुआत की है। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति उनकी दीर्घकालिक, अनुशासित और समर्पित... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# राजधानी में 'गैस बम' बनते घर

- घनी आबादी में अवैध गैस रिफिलिंग का खतरनाक खेल, बड़े हादसे की आहट
- जन एक्सप्रेस के खुलासे के बाद भी प्रशासन खामोश, गैस माफिया बेखौफ

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



राम स्वरूप किचन सेंटर



अंश किचन सेंटर



शालू किचन सेंटर

राजधानी की रिहायशी बस्तियों में खुलेआम मौत का कारोबार चल रहा है। फैजुलागंज और केशव नगर इलाके में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों से अवैध तरीके से छोटे सिलेंडरों में गैस भरने का खतरनाक धंधा धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। जन एक्सप्रेस की पड़ताल में सामने आया है कि यह पूरा नेटवर्क नियम-कानूनों को ठेंगा दिखाकर लोगों की जिंदगी को बारूद के ढेर पर बैठा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि लगातार शिकायतों, स्थानीय विरोध और मीडिया खुलासों के बावजूद जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। इससे प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### रिहायशी इलाकों में चल रहा अवैध गैस कारोबार

जांच के दौरान जिन स्थानों पर अवैध गैस रिफिलिंग का खेल सामने आया, उनमें प्रमुख हैं – अंश गैस सर्विस सेंटर, नया पुरवा, फैजुलागंज (पानी टंकी रोड के पास) शालू किचन सेंटर, अन्ना मार्केट, केशव नगर (बजरंग ट्रेडर्स के निकट) रामस्वरूप किचन सेंटर, नया पुरवा, फैजुलागंज सूत्रों के अनुसार यहां घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर छोटे सिलेंडरों में भरी जाती है और फिर बाजार में ऊंचे दामों पर बेची जाती है। यह पूरा काम बिना किसी सुरक्षा मानक के, आम लोगों के घरों के बीच किया जा रहा है।

### ट्रांसफर की खतरनाक प्रक्रिया

विशेषज्ञों का कहना है कि गैस रिफिलिंग अत्यंत संवेदनशील और तकनीकी प्रक्रिया है, जिसे केवल अधिकृत प्लांट में ही किया जा सकता है। गलत तरीके से गैस ट्रांसफर होने पर मामूली चिंगारी भी भीषण विस्फोट में बदल सकती है।

### नियमों की खुली धज्जियां, हर पल खतरा

पड़ताल में कई गंभीर लापरवाहियां सामने आई –
- वैध लाइसेंस या पंजीकरण का अभाव
- फायर विभाग की अनिवार्य एनओसी नहीं
- सुरक्षा उपकरण पूरी तरह गायब
- घनी आबादी में गैस

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इलाके के निवासियों का कहना है कि दिनभर सिलेंडरों की आवाजाही और गैस की तेज गंध से डर का माहौल बना रहता है।

### सबसे बड़ा सवाल


- क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?
- 'हादसे के बाद' वाली व्यवस्था फिर दोहराने की आशंका
- राजधानी में पहले भी लापरवाही के कारण गैस विस्फोट की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। बावजूद इसके, रिहायशी क्षेत्रों में चल रहे इस अवैध कारोबार पर कार्रवाई न होना सिस्टम की संवेदनहीनता को उजागर करता है।

### जन एक्सप्रेस की मांग

- तत्काल संयुक्त छापेमारी अभियान
- अवैध गैस रिफिलिंग केंद्रों को सील किया जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय हो
- प्रभावित इलाकों में सुरक्षा जांच अभियान चलाया जाए

*(जल्द – राजधानी में फैले गैस माफिया नेटवर्क और संरक्षण देने वालों का बड़ा खुलासा)*

# क्या सिस्टम की मिलीभगत से खड़ा हुआ अवैध 'कबाब कॉम्प्लेक्स'?



कार्यालयः जोनल अधिकारी, प्रवर्तन जोन-2

अवर अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-2



संदर्भ का प्रकार: अंतरित

आदेश देने वाले अधिकारी: ऑनलाइन सन्दर्भ

आदेश दिनांक: 16-02-2026

आदेश दिनांक: 27-02-2026

अधिकारी को प्रेषित: प्रभारी अधिकारी-प्रवर्तन सैल, विकास प्राधिकरण



- सरकारी जमीन पर बहुमंजिला निर्माण साबित, फिर भी कार्रवाई शून्य, जांच पूरी, शिकायत बंद, कारोबार जारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजधानी में अवैध निर्माण पर सख्ती के दावों के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर निगम की जमीन पर बने अवैध बहुमंजिला व्यावसायिक निर्माण को लेकर की गई शिकायत जांच में सही पाई गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय फाइल आगे बढ़ाकर शिकायत को निस्तारित कर दिया गया। अब सवाल उठ रहा है – क्या बिना सिस्टम की मिलीभगत के सरकारी जमीन पर पूरा व्यावसायिक ढांचा खड़ा हो सकता है? बरिगंवा स्थित बड़े बाबा हनुमान मंदिर के पास नगर निगम के चबूतरे पर संचालित 'राज वेज कबाब' प्रतिष्ठान की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज हुई थी। जांच लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के प्रवर्तन जोन-2 ने की और खुद स्वीकार किया कि स्थल पर भूतल और प्रथम तल तक निर्माण कर व्यावसायिक संचालन किया जा रहा है।

### जांच ने माना अवैध, प्रशासन ने माना 'निस्तारित'

24 फरवरी 2026 को किए गए भौतिक सत्यापन में अवैध निर्माण की पुष्टि हुई। नियमों के उल्लंघन को स्वीकार करते हुए उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत कार्रवाई योग्य पाया गया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वही पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा करता है– न सीलिंग, न ध्वस्तीकरण, न व्यवसाय बंद, सिर्फ ऑनलाइन वाद दर्ज और कुछ ही दिनों में शिकायत निस्तारित।

### सबसे बड़ा सवालः कार्रवाई से पहले क्लोजर क्यों?

जांच रिपोर्ट खुद कहती हैः *शिकायतकर्ता जांच से संतुष्ट नहीं था। अवैध निर्माण मौके पर मौजूद है। व्यावसायिक गतिविधि जारी है। फिर भी शिकायत बंद। यह प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जिम्मेदारी से बचने की रणनीति जैसी दिख रही है।

### निर्माण पूरा होने तक विभाग सोते रहे?

स्थानीय लोगों के मुताबिक निर्माण एक दिन में नहीं हुआ। भूतल से प्रथम तल तक बहुमंजिला ढांचा तैयार हुआ, बिजली-पानी कनेक्शन लगे और व्यवसाय शुरू हो गया। ऐसे में बड़े सवाल खड़े होते हैं– निर्माण के दौरान निरीक्षण क्यों नहीं हुआ?, नगर निगम और एलडीए की निगरानी व्यवस्था कहां थी? क्या अवैध निर्माण को मौन स्वीकृति मिली हुई थी? ऑनलाइन वाद' बना नया सुरक्षा कवच? शहर में अवैध निर्माण के मामलों में अब एक नया ट्रेंड सामने आ रहा है कार्रवाई की जगह 'ऑनलाइन वाद पंजीकरण '। यानीः अवैध निर्माण खड़ा रहेगा कारोबार चलता रहेगा फाइल आगे बढ़ती रहेग और शिकायत बंद विशेषज्ञ इसे 'प्रशासनिक लीपापोती मॉडल' बता रहे हैं।

### सरकारी जमीन, निजी मुनाफा– जिम्मेदार कौन?

नगर निगम की सार्वजनिक भूमि पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान चलना सिर्फ नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि राजस्व और सार्वजनिक हित दोनों पर सीधा प्रहार है। सवाल यह भी है कि यदि आम नागरिक छोटा निर्माण करे तो तुरंत नोटिस और बुलडोजर पहुंच जाता है, लेकिन यहां कार्रवाई क्यों ठहरी हुई है?
- जनता पूछ रही – संरक्षण किसका?

**अब शहर में चर्चा यही हैः**
- क्या अवैध निर्माण बिना राजनीतिक-प्रशासनिक संरक्षण संभव है?
- क्या कार्रवाई जानबूझकर टाली जा रही है?
- क्या जांच सिर्फ शिकायत बंद करने के लिए थी?

**EXCLUSIVE FACT SHEET**
- शिकायत संख्याः 40015726017053
- भूमिः नगर निगम चबूतरा
- स्थानः बरिगंवा, बड़े बाबा हनुमान मंदिर के पास
- निर्माणः भूतल + प्रथम तल
- संचालनः 'राज वेज कबाब'
- भौतिक सत्यापनः 24 फरवरी 2026
- शिकायतकर्ता संतुष्टः नहीं
- वास्तविक स्थितिः निर्माण व व्यवसाय जारी
- सरकारी स्थितिः शिकायत निस्तारित

### अब प्रशासन की साख दांव पर

यदि अवैध निर्माण हटाने की ठोस कार्रवाई नहीं होती, तो यह मामला राजधानी में प्रशासनिक मिलीभगत और जवाबदेही के संकट का बड़ा उदाहरण बन सकता है। अब निगाहें इस पर हैं – क्या कानून चलेगा या सिस्टम?

# टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय में अंतर्विभागीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल, टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा 'समकालीन कानून, समाज और शासन के मुद्दे' विषय पर एक दिवसीय अंतर्विभागीय ऑफलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 26 फरवरी 2026 को लॉ स्कूल परिसर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच अंतर-विषयक शैक्षणिक संवाद को प्रोत्साहित करना तथा उनकी आलोचनात्मक सोच और विश्लेषणात्मक लेखन क्षमता को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 82 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा गोपनीयता, महिला सशक्तिकरण और न्याय तक पहुंच जैसे समकालीन सामाजिक-कानूनी विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के उपरांत लॉ स्कूल के 'मूट कोर्ट' में पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। परिणामों की घोषणा करते हुए प्रथम पुरस्कार अंजली कुमारी, द्वितीय पुरस्कार शालू पाल तथा तृतीय पुरस्कार प्रभास कुमार को प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉ स्कूल के डीन प्रो. (डॉ.) सी. पी. सिंह ने की। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में प्रभावी लेखन कौशल विकसित करती हैं, जिससे वे समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा शुक्ला और अन्नपूर्णा त्रिवेदी ने किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# बीकेटी एसडीएम ने अवैध मिट्टी खनन कर रहे छह डंपर को किया सीज

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के सैरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत धतिंगरा गांव में चोरी छुपे अवैध मिट्टी खनन चल रहा था। जिसकी सूचना बीकेटी तहसील प्रशासन को मिल गई, रात में करीब डेढ़ 2 बजे बीकेटी एसडीएम व राजस्व टीम व पुलिस की संयुक्त टीम ने सैरपुर थाना क्षेत्र धतिंगरा गांव में अवैध मिट्टी खनन कर रहें छ 6 डंपर को सीज कर दिया। पुलिस ने थाने पर लाकर डंपर खड़ा कर दिया और सीज की कार्यवाही की गई। वहीं इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। वहीं एसडीएम बीकेटी साहिल कुमार ने बताया कि बीकेटी तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पर तहसील प्रशासन की बड़ी कारवाई हुई हैं धतिंगरा में अवैध खनन पर छापेमारी में आधा दर्ज डंपर पकड़े गये,सैरपुर थाने में सीज कर अवैध खनन करने वालों पर एफआईआर दर्ज़ होगी और अवैध खनन करने वालों पर लगातार कारवाई की जायेंगी।

# होली त्योहार को लेकर एसीपी बीकेटी ने इटौंजा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना परिसर में एसीपी बीकेटी ज्ञानेन्द्र सिंह अध्यक्षता में आगामी त्योंहार होली व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। वही इस बैठक में क्षेत्र के इटौंजा नगर पंचायत चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, संभ्रांत नागरिक, गुरू जनों, सभासद, ग्राम प्रधान, सहित अन्य जन प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक के दौरान कानून-व्यवस्था होली के संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही कहा कि किसी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को दें,ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सकें। इस दौरान बीकेटी एसीपी इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक दरोगा सिपाही समेत भाजपा नेता पूर्व सभासद सुधाकर अवस्थी,सूरजपुर गढा प्रधान वीरपाल, पूर्व प्रधान रायपुर राजा दीपक त्रिवेदी छोटू अन्य जनप्रतिनिधि दरोगा रमेश यादव, रामविलास, तेजवीर, संजय गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

# किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू मे संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ की मासिक बैठक संपन्न हुई



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

शनिवार को संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ केजीएमयू लखनऊ में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर मासिक बैठक केजीएमयू कैंपस में संपन्न हुई जिसमें हजारों कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी समस्याओं को संगठन के समक्ष रखा। सर्वप्रथम चूंकि एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ और राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत का इंक्रीमेन्ट लागू है किन्तु केजीएमयू लखनऊ में वेतन इंक्रीमेंट लागू नहीं है, साथ ही केजीएमयू में वेतन वृद्धि भी लागू ना होने से कर्मचारी आहत और परेशान है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा निगम बनने के नाम पर वेतन बढ़ोतरी एवं प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत होने वाली वृद्धि को भी रोक दिया गया है, जबकि के0जी0एम0यू0 लखनऊ में मरीजों को उच्च गुणवत्ता पूर्ण इलाज प्रदान किये जाने में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की प्रतिबद्धता प्रत्येक अवसरों पर अभूतपूर्व रही हैं। जिसके कारण कर्मचारियों में काफी निराशा तथा रोष व्याप्त हो गया है। मासिक बैठक में इन सभी मुद्दों को लेकर चर्चा हुई जिसमें कर्मचारियों ने कहा कि यदि शीघ्र ही कर्मचारियों के हित में फैसला नहीं लिया जाता है तो वे होली बाद आंदोलन करने हेतु बाध्य हैं। जिसके परिपेक्ष्य में प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल जी ने कहा कि इस सम्बन्ध में केजीएमयू प्रशासन के सभी पदाधिकारियों से कई बार पत्र के माध्यम से तथा व्यक्तिगत वार्ता में भी अनुरोध किया जा चुका है किन्तु अभी तक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसलिए कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। संगठन के सभी सदस्यों ने एक साथ हुंकार भरी और जल्द से जल्द वेतन बढ़ोतरी, तथा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट जैसी व्यवस्था को लागू करने का आह्वाहन किया।बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, सतीश चौहान मनोज सिंह, बसंत , पाठक. विनोद कश्यप, अजय जी, विकास, सुभाष, उमेश, आराधना, काजल जी, रंजना, राहुल, शैलेन्द्र, संदीप, गीतेश, सचिन, सुनील आदि सभी सम्मानित कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन




**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, लखनऊ द्वारा वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन 25 फ़रवरी से 28 फ़रवरी 2026 तक किया गया। चार दिवसीय इस खेल आयोजन में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज एवं कैरम जैसी विभिन्न खेल विधाओं की चैम्पियनशिप प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। इस खेल महोत्सव में हिमालयन ग्रुप के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ इंजीनियरिंग,फार्मेसी एवं प्रबंधन संकाय से जुड़े सात अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी खेल मुकाबले हिमालयन ग्रुप के विभिन्न खेल स्थलों पर आयोजित किए गए, जहाँ खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। खेल महोत्सव के अंतर्गत 27 फ़रवरी 2026 को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक हिमालयन ग्रुप के पूर्व छात्रों के सम्मान हेतु एलुमनी मीट का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वे पूर्व छात्र, जो वर्तमान में इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी क्षेत्रों की विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत हैं, उन्हें सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान हिमालयन ग्रुप के चेयरमैन एडवोकेट Vikram Singh Bafila एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. Samta Singh Bafila द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 28 फ़रवरी 2026, खेल महोत्सव के अंतिम दिन, हिमालयन कैंपस के मुख्य मैदान में क्रिकेट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला हिमालयन ग्रुप की क्रिकेट टीम एवं Sardar Bhagat Singh College की क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। रोमांचक एवं कड़े मुकाबले में हिमालयन ग्रुप की टीम ने दो विकेट से जीत दर्ज कर चैम्पियनशिप अपने नाम की। विजेता एवं उपविजेता क्रिकेट टीमों को ट्रॉफी, स्वर्ण एवं रजत पदक के साथ नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पुरस्कार हिमालयन ग्रुप के चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर तथा भूतपूर्व उत्तर प्रदेश राज्यमंत्री द्वारा प्रदान किए गए। चार दिनों तक चले इस वार्षिक खेल महोत्सव के सफल आयोजन में हिमालयन ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के समस्त संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। संस्थान प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक खेल आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# वीबी–जी रामजी में वेण्डर पंजीकरण पर सख्ती, पारिवारिक फर्मों पर प्रतिबंध

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से मनरेगा वीबी- जीरामजी के कार्यों तथा उनमें प्रयुक्त सामग्री की आपूर्ति से संबंधित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया है। श्री मौर्य ने कहा कि ग्राम्य विकास योजनाएं प्रदेश के गरीब, श्रमिक एवं ग्रामीण परिवारों के सशक्तिकरण का आधार हैं। किसी भी स्तर पर अनियमितता, पक्षपात या हितों के टकराव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासनादेश के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करें।प्रदेश सरकार की मंशा है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना विकसित भारत-रोजगार गारण्टी एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन के लक्ष्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्राप्त किया जाए।प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी शासनादेश मे महात्मा गांधी नरेगा योजना तथा विकसित भारत-रोजगार गारण्टी एवं सेवाओं की आपूर्ति हेतु वेण्डर पंजीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं।

# यूट्यूबर सलीम के मामले का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि प्रदेश में आतंक फैलाने और कानून-व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार सुबह लोनी क्षेत्र के अल्वी नगर निवासी सलीम वास्तिक पर अली गार्डन कॉलोनी स्थित उनके कार्यालय में हमला किया गया था।बाइक सवार दो अज्ञात हमलावर सलीम के दफ्तर में घुसे और चाकुओं से उनके गले व पेट में कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सलीम को तत्काल दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। परिजनों के अनुसार, सलीम की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।इस मामले में सलीम के बेटे उस्मान की तहरीर पर शक के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर शामिल हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि फरार आरोपितों तक शीघ्र पहुंचा जा सके। बीती रात पुलिस ने चार स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। इनमें दो ठिकाने दिल्ली और दो गाजियाबाद में थे। छापेमारी के दौरान कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर दबिश और तेज कर दी गई है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमले के पीछे संभावित रंजिश, वैचारिक मतभेद और अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्रशासन ने क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बाद पुलिस कार्रवाई तेज कर दी गई है। प्रदेश सरकार ने दोहराया है कि कानून का राज सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की हिंसा या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



तिलोई तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जायस थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से सीज कर लिया।इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीबी डोला मजरे मुबारकपुर मुखेतिया के समीप अवैध खनन की गतिविधियों की सूचना पुलिस को मिली थी।सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना जायस पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।मौके पर जेसीबी मशीन से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था।तथा दो ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से उसका परिवहन किया जा रहा था।पुलिस द्वारा वाहन चालकों से खनन एवं परिवहन संबंधी वैध अनुमति पत्र और आवश्यक प्रपत्र मांगे गए,किंतु वे कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार तीनों वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए अग्रेतर विधिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।इस अभियान में थाना जायस के थानाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम तथा खनन निरीक्षक दुष्यन्त कुमार विश्वकर्मा मय टीम की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है,कि जनपद में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।तथा इसे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताया है।

## बाल विवाह मुक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता के निर्देशन में विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया एवं बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भारत में शादी हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है। कार्यक्रम में मैनेजर अजय त्रिपाठी, मेनका त्रिपाठी, संरक्षण अधिकारी वीरेंद्र पाल, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, ए0एच0टी0यू0 थाना प्रभारी रशीद, टीटू गौतम एवं स्टाफ सीमा मिश्रा, दीपा काला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# थाना परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई बलरामपुर**



आगामी त्यौहार होली को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तुलसीपुर एसडीएम राकेश कुमार जयंत व ललिया सीओ डीके श्रीवास्तव ने किया। एसडीएम ने क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति व ग्राम प्रधानों से समस्याओं से संबंधित जानकारी ली। सभी को अवगत कराया की त्यौहार में खाल डालने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अगर त्यौहार में असामाजिक व्यक्तियों ने खलल पहुंचा तो रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को महराजगंज थाना परिसर में पीस कमेटी के बैठक आयोजित किया गया। होली व रमजान पर्व को लेकर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की गई। एसडीएम जयंत कुमार ने ने कहा की त्योहार संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग होना जरूरी है। आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण के साथ होली त्यौहार मनाए। अगर कोई गांव व कस्बा में अराजक तत्व त्यौहार में व्यवधान डालने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस गांव गांव में मुस्तैद रहेगी। सीओ ललिया डीके ने कहा कि त्यौहार में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों में नवयुवक जल्द फस जाते हैं। इसीलिए सभी अभिभावक अपने युवा बच्चों को सही व उचित मार्गदर्शन आवश्यक हो गया है। सोशल मीडिया के अफवाहों से दूर रहे। यदि कोई भी असवैधानिक बातों का बढ़ावा देगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई अपनाया जाएगा। थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने अवगत कराया की सभी बीट सिपाही अपने गांव स्थलों पर भ्रमण करेंगे। अगर किसी भी प्रकार की दिक्कत होती है तो तत्काल सूचना दें। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा गणेश प्रसाद सोनी नंदकुमार वर्मा सूर्य लाल यादव मोहम्मद शब्बीर अखिलेश्वर चौधरी चरण वर्मा कलाम प्रधान,हाजी अकबाल, अब्दुल सलाम अहमद उल्ला खां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रमई में बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम का लोकार्पण

### अतिथि के रूप शामिल हुए शिक्षा एवं चिकित्सा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह

**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**



तहसील तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई में स्थित बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम के लोकार्पण समारोह को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण रहा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह की उपस्थिति रही।उनके साथ तिलोई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना' भी मौजूद रहे।कार्यक्रम से पूर्व प्रधानप्रतिनिधि बबलू सिंह द्वारा अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी महाराज के दर्शन किए गए।इसके उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में राज्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने प्रसाद ग्रहण किया।श्रद्धा,आस्था और जन सहभागिता का यह संगम पूरे आयोजन में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।लोकार्पण समारोह में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक,जन प्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे। मिनी स्टेडियम के निर्माण को ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए नई सौगात बताया गया,जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा।उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि खेल सुविधाओं का विस्तार युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।समारोह में जनसमर्थन और उत्साह देखते ही बन रहा था।यह आयोजन न केवल खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण का प्रतीक बना,बल्कि आस्था, जनसहयोग और विकास के समन्वय का भी सशक्त संदेश दे गया।

## 08 को होगी अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**अमेठी।** सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 मार्च रविवार को किया जाएगा।यह परीक्षा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में सम्पन्न होगी।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अट्ठाइस फरवरी से 07 मार्च तक सायं 05 बजे तक वितरित किए जाएंगे।अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र कार्यालय सहायक श्रमायुक्त ब्लॉक परिसर गौरीगंज अमेठी से प्राप्त कर सकते हैं।प्रवेश पत्र प्राप्त करते समय अभ्यर्थी,अभिभावक को दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है।बिना प्रवेश पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।सहायक श्रमायुक्त ने अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि निर्धारित तिथि के भीतर प्रवेश पत्र अवश्य प्राप्त कर लें तथा परीक्षा के दिन 08 मार्च को निर्धारित समय से कम से कम एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचें।

# छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं व पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज सभागार में शनिवार को देश के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा संचालित जेनस इनीशिएटिव्स की ओर से छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे, संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव तथा कार्यक्रम संयोजक वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन द्वारा दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया ।जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को छात्रवृत्ति वितरण एवं सम्मान समारोह में बोलते हुए जेनस इनीशिएटिव्स संस्था के संस्थापक अध्यक्ष हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी का कदम चूमती है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ का मानना है कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रही है । यह छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12 वीं पास छात्रों को 12000 रुपए सालाना स्कॉलरशिप दिया जाता है । इसी के अंतर्गत एम एल के महाविद्यालय बलरामपुर में छात्रवृत्ति 8 छात्राओं को 12000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई । डॉ पंकज श्रीवास्तव ने कहा इस स्कॉलरशिप का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है कि वे अपने आगे की पढ़ाई और बेहतर ढंग से कर सके। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने डॉ पंकज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी व्यवस्था में से स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा पर भी ऐसे गरीब बच्चों को सहयोग दे रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है । सदर विधायक ने बच्चों से कहा कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है । बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। बच्चे इस स्कॉलरशिप के महत्व को समझें और अच्छी पढ़ाई कर उच्च पद पर अग्रसर हों और आगे चलकर वह भी ऐसे किसी की जरूरतमंद की हेल्प करें । वनस्पति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन ने कहा की इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी का कदम चूमती है। एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो जेपी पांडेय ने कहा कि कठिन परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है। इसके साथ-साथ यहां के सम्मानित होने वालों का नाम रोटरी क्लब ग्रेटर एवं रोटरी क्लब बलरामपुर डॉ अब्दुल कय्यूम, आलोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ सतीश सिंह, डॉ प्रदीप दुबे, डॉ आई डी आर्य, राजेंद्र कृष्ण खुराना, अभय पाल रोटेरियन अभिषेक सिन्हा, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ एस सी शर्मा, संजय तिवारी, अविनाश त्रिपाठी, अवधेश अजय श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अंकिता त्रिपाठी, संदीप सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, भानु प्रकाश तिवारी, टी बी लाल, मोहित, आनंद मणि तिवारी, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव, अनूप सर्राफ, अमरजीत सिंह सहित अन्य कई सामाजिक संगठन एवं पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया । इस छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राकेश चंद्र श्रीवास्तव व आशीष श्रीवास्तव का अहम योगदान रहा । कार्यक्रम पर सफल संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान ने किया ।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक देवीपाटन मंदिर पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी, मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर किया । कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विविध विषयों पर आधारित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए । आये हुए जजों व अतिथियों द्वारा बच्चों से उनके द्वारा बनाये गए मॉडलो से संबंधित प्रश्न किये गए जिसका जवाब बच्चों ने बहुत ही सटीक एवं तारकिक तरीके से दिया जिन्हें सुनकर उपस्थित जजों, अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया। अतिथियों ने जजों के साथ विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। विज्ञान एवं तकनीक पर आधारित आकर्षक मॉडल प्रदर्शनी में छात्रों ने प्रस्तुत किया जिसमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा, कृषि नवाचार सहित विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली भी विस्तार से समझाई, जिससे उनकी विषय पर पकड़ और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

अतिथियों ने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. डीपी सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, डॉ सद्गुरु प्रकाश, डॉ लव कुश पांडे, डॉ आनंद बाजपेई व सौम्या शुक्ला ने जज की भूमिका निभाते हुए सभी मॉडलों का बारीकी से अध्ययन किया छात्र-छात्राओं से उनके विषय में जानकारी लेकर अंक प्रदान किया । इस अवसर पर ब्लॉक प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की, पूर्व प्रधानाचार्य बसंत लाल इंटर कॉलेज ओम प्रकाश मिश्रा, पर ब्लॉक प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं व सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**रायबरेली।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने थाना भदोखर पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें।

# देवीपाटन में माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ विज्ञान प्रदर्शनी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



शनिवार को तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विविध विषयों पर आधारित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहा गया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने हेतु महंत मिथिलेश नाथ योगी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन तथा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा उनकी जिज्ञासा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। प्रदर्शनी में छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, जल संरक्षण, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, प्रदूषण नियंत्रण, डिजिटल सुरक्षा, कृषि नवाचार सहित विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली भी विस्तार से समझाई, जिससे उनकी विषय पर पकड़ और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। अतिथियों ने उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की सराहना की। विद्यालय द्वारा बताया गया कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में दिखा बच्चों का हुनर

**जन एक्सप्रेस । सलोंन रायबरेली**



नगर के राधा नगर स्थित टाइम्स कॉन्वेंट विद्यालय में महान भारतीय वैज्ञानिक भौतिककी नोबेल पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर सीवी रमन से प्रेरित होकर टाइम्स विद्यालय मे के जी से कक्षा 8 तक के बच्चों द्वारा आकर्षक विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गईद्य जिसका उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी ने फीता काटकर किया द्यइस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित स्टालों का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा इस तरह के आकर्षण उपकरण बनाए गए हैं जो बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखार रहे हैं द्यमेरा मानना है कि हमारे कस्बे के बच्चे विज्ञान के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में सलोंन का नाम रोशन करेंगेद्य टाइम्स के शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से जो कार्य किया है वह अत्यंत सराहनीय है द्य विशिष्ट अतिथि पूर्व सभा सभासद समाजसेवी इसरार हैदर रानू ने कहा की बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का अच्छा प्रदर्शन करके एक अच्छी पहल महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी सी रमन से प्रेरित होकर की हैद्य इसके लिए विद्यालय का स्टाफ प्रबंधक प्रिंसिपल बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का प्रदर्शनी के माध्यम से एक सराहनीय कार्य कियाद्य सेवानिवृत शिक्षक मोहम्मद इस्माइल खान ने अपने संबोधन में कहा आज के नौनिहाल कल के भारत के भविष्य हैं कबाड़ से जुगाड़ करके बच्चों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षण उपकरण बनाए जो सराहनीय हैंद्य प्रबंधक अनीस अहमद ने घोषणा की कि नवीन प्रवेश पर विद्यालय में 20 मार्च 2026 तक 50 सीटों के लिए 50त्न फीस में डिस्काउंट किया जाएगा द्य प्रदर्शनी में ग्रुप लीडर उद्देश्य गुप्ता, रिफत जहां, सोनाक्षी, आयत अनीश, मोहम्मद एहतेशाम ,आकर्ष गुप्ता, गौरव जोशी, आधुनिक श्रीवास्तव, आस्था देवी आदि बच्चों की टीमों नेअच्छा प्रदर्शन कियाद्य शिक्षक मोहम्मद तैयब खान, दिलशाद राही ,समीर आलम, अजरा वाहिद ,प्रियंका पांडे, मोहनी मिश्रा, साक्षी शुक्ला, ओपी यादव ,लवली यादव आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभाई द्यकार्यक्रम के अंत में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गईद्य प्रिंसिपल शमीम अहमद ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत रंजना चौधरी की अध्यक्षता में तथा मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह के संरक्षण में जिला पंचायत, रायबरेली के सभागार में जिला पंचायत की बैठक आहूत की गयी। मा0 अध्यक्ष की अनुमति से अपर मुख्य अधिकारी ओ0पी0 सिंह द्वारा बैठक का संचालन किया गया। सदन द्वारा सर्वसम्मति से गत बैठक की पुष्टि के साथ-साथ विभिन्न अनुदानों की गत वर्षों की अवशेष धनराशि के सापेक्ष अनुपूरक कार्ययोजना बनाये जाने पर सदन द्वारा ध्वनिमति से प्रस्ताव स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट रू0 9935.07 लाख आय का व रू0 9935.07 व्यय का तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 मूल बजट में रू0 6240.00 लाख आय का तथा अनुदान एवं जिलानिधि सहित कुल रू0 6230.00 लाख व्यय का बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। तदोपरान्त अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रायबरेली के देयों की वसूली सुद्ध करने के उद्देश्य से सम्पत्ति एवं विभव कर की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कर दाता सूची जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण एवं विस्तारीकरण तथा दुकान, ईट भट्ठा

# कमला नेहरू जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर मार्त्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



देश के प्रथम राष्ट्रपति व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा. राजेन्द्र प्रसाद जी एवं महान स्वतंत्रात संग्राम सेनानी कमला नेहरू जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर मार्त्यापण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने राष्ट्र के प्रति डा. राजेन्द्र प्रसाद जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्चा गांधीवादी बताया। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि देश के प्रथम और सबसे लम्बे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ही थे। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि भारत रत्न से सम्मानित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी 1950 से 1962 तक उन्होंने राष्ट्रपति के रुप में देश को सेवा दी, स्वतंत्रता मिलने के बाद डा. राजेन्द्र प्रसाद जी को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया, उन्हें हिन्दी, उर्दू, फारसी, बंगाली व अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान था, अपने जीवन के अंतिम कुछ महीने पटना के सदाकत आश्रम में बिताए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वी.के. शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, राजकुमार दीक्षित, अजीत सिंह, शैलजा सिंह, छत्रपाल यादव, विश्वनाथ त्रिवेदी, सूर्यकुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम मिश्रा, मनोज मिश्रा, इन्द्र कुमार वर्मा, मो. सरताज, अवधेश द्विवेदी, सै.अरशद, पोलू खान, अमित मिश्रा, रामशंकर कुशवाहा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## दो दोस्त गिरफ्तार, महिला के राज खोलने पर की हत्या

**रायबरेली।** रायबरेली में एक दृष्टिहीन युवक की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों, अंकुश यादव और गौरव यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने युवक की हत्या इसलिए की क्योंकि वह उनकी महिला मित्रों के पारिवारिक राज उजागर करता था। यह घटना भदोखर थाना क्षेत्र के कुचरिया इलाके की है, जहां एक दिन पहले दृष्टिहीन युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के रतापुर निवासी अजय के रूप में हुई थी। अजय के परिजनों ने 22 फरवरी को सदर कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि अजय 21 फरवरी को अपने दोस्तों के साथ गया था और उसके बाद से लापता था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से कार्रवाई की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि अजय उनकी महिला मित्रों के पारिवारिक रहस्यों को उजागर करता था, जिससे वे नाराज थे।



# अक्षरा सिंह

## के लाइफ की सबसे महंगी चीज, एक्ट्रेस ने इनपर लुटाए करोड़ों, बोलीं- मुझे कोई गुमान नहीं

भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती हैं. वो सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. जो उनके फैंस को बहुत पसंद आती हैं. अक्षरा सिंह ने अपने करियर की शुरुआत महज 16 से 17 साल की उम्र में साल 2010 में आई भोजपुरी फिल्म 'सत्यमेव जयते' से की थी, जिसमें उन्होंने रवि किशन के साथ काम किया था. तभी से उन्हें भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान मिली. इसके बाद अक्षरा सिंह ने 'सौगंध गंगा मैया के', 'दिलेर', 'मा तुझे सलाम' और 'प्रेम विवाह 'जैसी कई फिल्में की हैं, जिसके बाद वो बुलंदियों पर पहुंच गई हैं. उन्होंने अपनी लाइफ में बहुत कुछ हासिल किया है. हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षरा सिंह ने बताया कि उन्होंने सबसे महंगी चीज क्या खरीदी?




**खरीदी सबसे महंगी चीज ?**

जब अक्षरा सिंह से पूछा गया कि आपने सबसे महंगी चीज क्या खरीदी? तब एक्ट्रेस ने जवाब दिया गाड़ी, घर और उस चीज का कहीं से भी कोई गुमान नहीं हैं कि मैंने बहुत महंगी चीज बहुत बड़ा कुछ ले लिया है. बस हां मुझे ऐसा लगता है कि मैं जो कर रही हूं अपने पेरेंट्स के लिए कर रही. अपने लिए कर रही और अपने परिवार के लिए कर रही हूं. और वो चीज जो है ना वो बहुत खुशी देती है. जो अंदर से सेटिस्फेक्शन आता है ना उनके चेहरे पर देखकर, वो बहुत ही अलग आउट ऑफ द वर्ल्ड फीलिंग है.

**कैसे बनी एक्ट्रेस निडर ?**

अक्षरा सिंह से जब पूछा गया कि कहा जाता है आप बहुत निडर हैं, तो क्या ऐसा वाकई है? तब अक्षरा सिंह ने कहा हां ऑफ कोर्स. ये मेरे पेरेंट्स से आता है. मेरे स्ट्रगल से आता है. पर स्पेशली कह सकते हैं कि मेरे पेरेंट्स से आता है. उनसे पूछा गया कि वो कौन सा स्ट्रगल था जिसने डिफाइन किया कि मुझे फियरलेस होना है, निडर रहना है.

एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि एक मोमेंट तो हुआ होगा. एक मोमेंट जहां मेरे पास कोई काम ही नहीं था. जहां सिर्फ लांछनें थी, जहां सिर्फ डर था. जहां सिर्फ गिरा दिया जाएगा, मार दिया जाएगा, ये हो जाएगा, वो हो जाएगा. तमाम चीजें एक साथ चल रही थीं. वो टाइम था जिसने मुझे देखो अगर डर से आप अगर कंटिन्यू डर डर डर डर डर करते जाओगे ना तो आप एक दिन निडर हो ही जाते हो.

# रिद्धिमा पंडित

## को कृष्णा श्रॉफ ने कहा 'कचरा', भड़कीं एक्ट्रेस ने जैकी श्रॉफ की बेटी को सुनाई खरी-खोटी



कलर्स टीवी और जियो हॉटस्टार के रियलिटी शो 'द 50' में इन दिनों हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है. जहां एक तरफ कंटेस्टेंट्स जीत के लिए जी-जान लगा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आपसी कड़वाहट अब 'जुबानी जंग' में तब्दील हो गई है. इस मजेदार शो के लेटेस्ट एपिसोड में टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित और बॉलीवुड दिग्गज जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ के बीच मामला गरमा गया. बात इतनी बढ़ गई कि अब सोशल मीडिया पर फिर एक बार 'नेपोटिज्म' और 'सेल्फ-मेड' की बहस छिड़ गई.




दरअसल, द 50 में रिद्धिमा पंडित ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है. कुछ दिन पहले रिद्धिमा ने शिव ठाकरे के साथ मिलकर टास्क में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया. दोनों की ट्यूनिंग इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने न केवल टास्क जीता, बल्कि मनी पॉट में 50,000 रुपये भी जोड़ दिए. जहां एक तरफ रिद्धिमा अपनी जीत का जश्न मना रही थीं, वहीं दूसरी तरफ बैकस्टेज कुछ ऐसा हो रहा था जिसने दर्शकों को हैरान कर दिया.

**कृष्णा ने रिद्धिमा पर साधा निशाना**

शो के अनसीन क्लिप्स में कृष्णा श्रॉफ, शिव ठाकरे से रिद्धिमा के बारे में बात करती नजर आईं. कृष्णा ने रिद्धिमा को नीचा दिखाते हुए कहा, हमारा कचरा सबसे ज्यादा कौन है? इतना ही नहीं, एक और वीडियो में कृष्णा ये कहती दिखीं कि शो में दो-तीन कंटेस्टेंट्स ऐसे हैं जिन्हें 'हाथ पकड़कर' आगे ले जाया जा रहा है, और उनका इशारा साफ तौर पर रिद्धिमा की तरफ था.

## पहले कैंसर, अब सिस्ट... सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़, शेयर किया हेल्थ अपडेट




'ससुराल सिमर का' से घर-घर पहचान बनाने वाली दीपिका कक्कड़ लंबे वक्त से छोटे पर्दे से दूर हैं. लेकिन आए दिनों वो लाइमलाइट में बनी रहती हैं. पिछला कुछ वक्त दीपिका के लिए परेशानी से भरा रहा. दीपिका को पहले लिवर कैंसर हो गया था, जिसके बाद लगातार इनका इलाज चल रहा था. कैंसर के बाद फिर एक्ट्रेस को सिस्ट हो गया, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया के जरिए दी. अब एक्ट्रेस की सिस्ट की सर्जरी हुई है, जिसके बाद उनका दर्द छलका है. दीपिका सर्जरी के बाद अपने घर लौट आई हैं और फैंस के साथ हेल्थ अपडेट शेयर किया है.

सिस्ट की सर्जरी के बाद दीपिका कक्कड़ घर वापस आ गई हैं और अभी रिकवरी फेज में हैं. घर लौटने पर दीपिका कक्कड़ ने एक व्लॉग शेयर किया. इस व्लॉग में उन्होंने अपने मुश्किल वक्त में मिली दुआओं और सपोर्ट के लिए अपने फैंस को धन्यवाद दिया. दीपिका ने इसी व्लॉग में बताया कि सर्जरी के बाद वो काफी इमोशनल हो गई थीं और उन्हें बहुत ज्यादा दर्द सहना पड़ा था. आइए जानते हैं कि दीपिका ने और क्या कुछ बताया है.

**सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका**

सर्जरी के तीन दिन बाद दीपिका घर लौटीं और हेल्थ प्रॉब्लम से निपटने के बारे में बात की.

उन्होंने कहा, प्रोसेस ठीक रहा, लेकिन कल रात हम घर लौट आए. पूरा प्रोसीजर आसानी से हो गया. लोग आपको तैयार करते हैं कि ये दोबारा हो सकता है, लेकिन जब ये असल में होता है, तो जैसा महसूस होता है ‌ इससे निपटने में समय लगता है. मुझे भी कुछ समय लगा. और ये बहुत अचानक हुआ क्योंकि हमें पता चला और डॉक्टर ने कहा, सोमवार को एडमिट हो जाओ. साथ ही, इस बीच हमारी एनिवर्सरी भी थी.

दीपिका ने अपनी सर्जरी के बारे में बताया, इस बार, जब मैं प्रोसीजर के लिए जा रही थी, तो मैं बहुत परेशान थी. मैं बहुत रो रही थी.

डॉक्टरों ने मुझे शांत किया. इस बार प्रोसीजर OT में नहीं हुआ, ये ष्ट्झ रूम में हुआ. ये RFA नाम का एक प्रोसेस है, जहां उन्होंने मेरे सिस्ट को जला दिया और क्योंकि ये बहुत छोटा था, हम इसे इस तरह से कर पाए. अगर ये बड़ा होता, तो प्रोसीजर और मुश्किल होता.

## फिल्म जैसी भी लगे, पर लिखना जरूर... 'अस्सी' एक्ट्रेस तापसी पन्नू की फैंस से अपील, शेयर किया दिल छू लेना वाला वीडियो




अनुभव सिन्हा के डायरेक्शन में हाल ही में तापसी पन्नू की एक नई फिल्म आई है, जिसका नाम है 'अस्सी'. 20 फरवरी को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. अनुभव सिन्हा और ने एक बार फिर से अपनी इस फिल्म के जरिए समाज से जुड़े मुद्दे को उठाया है. ये फिल्म हर दिन भारत में रिपोर्ट होने वाले रेप केसेस पर आधारित है. लोगों की तरफ से फिल्म को खूब प्यार मिल रहा है. इस फिल्म के लिए डायरेक्टर और स्टारकास्ट को काफी सराहा जा रहा है. इस बीच सोशल मीडिया पर तापसी ने एक इमोशनल और दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर करते हुए लोगों से एक खास अपील की है.

तापसी ने लोगों से ये फिल्म देखने की अपील की है. उनका कहना है कि आप ये फिल्म देखिए और उन्हें लिखकर बताइए कि आपको ये फिल्म कैसी लगी. तापसी वीडियो में कहती हैं, हैलो, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कहानी है. कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं काफी अच्छा कैरेक्टर है. और कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि इस फिल्म को करने के लिए शुक्रिया. कुछ फिल्में होती हैं, जिनके रिव्यू में लिखा होता है कि काफी एंटरटेनिंग है, जरूर देखें.

**यहां देखें तापसी पन्नू का वीडियो**

वो आगे कहती हैं, और कुछ फिल्में होती हैं, जिनके रिव्यू में लगातार एक कॉमन बात लिखी होती है कि बहुत ही असहज, लेकिन जरूर देखें. ऐसी ही एक फिल्म आई थी 6 साल पहले 'थप्पड़'. और उसी डायरेक्टर की (अनुभव सिन्हा) एक और पिक्चर आई एक हफ्ता पहले 'अस्सी'. सौभाग्य से मैं ही उसमें हूं. इतने प्यारे-प्यारे मैसेज, इतने वैलिडेटिंग रिव्यू, लेकिन सबसे जरूरी, कितने सारे लोगों ने पर्सनली लिया इस मुद्दे को. कितने खूबसूरत वीडियोज और आर्टिकल. मैंने सब वीडियोज देखे और आर्टिकल पढ़े. शायद आपने भी पढ़े होंगे.

**तापसी पन्नू ने और क्या कहा ?**

तापसी आगे कहती हैं, अगर वीडियोज देखे हैं, पढ़े हैं इतने सारे लोगों ने तो कुछ तो बात होगी. तो अगर आपको लगे कि देखना तो बनता है कि कैसी पिक्चर है, जिसके बारे में इतने सारे लोग, इतनी शिद्दत से, प्यार से, जज्बे से लिख रहे हैं, तो एक बार देखें. शायद आपसे भी कुछ बात करे ये पिक्चर. और अच्छी लगे, जैसे भी लगे, पर लिखना जरूर. मैं जरूर देखना चाहूंगी.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

**दोनों देश आतंकवाद विरोधी प्रयासों में एकजुट हैं, जो सीमा-पार खतरों से निपटने में सहायक सिद्ध होता है। जहां तक आर्थिक और तकनीकी साझेदारी की बात है तो व्यापार में भारत इजरायल का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है, जिसमें कृषि, जल प्रबंधन, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग शामिल हैं। भारत, इजरायल, यूएई, अमेरिका और आईएमईसी जैसे मंच आर्थिक गलियारों को बढ़ावा देते हैं। भारत-इजरायल की दोस्ती से भू-राजनीतिक प्रभाव भी बढ़ा है। यह दोस्ती जहां चीन की मध्य पूर्व और दक्षिण एशिया में बढ़ती प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है।**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की। इसके अलावा, नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया। देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित 'हेक्सागन' गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है। जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है। जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर आईएमईसी कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर यूएई के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी। शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह 'इस्लामी उग्रवाद' विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,। वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है, इसलिए उनकी पारस्परिक और लाभप्रद एकजुटता भारत-इजरायल विरोधी देशों को चुभती रहती है। चूंकि भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 1992 में स्थापित हुए, जबकि भारत ने 1950 में ही इजरायल को मान्यता दी थी। खासकर मोदी सरकार के नेतृत्व में 2014 से द्विपक्षीय संबंध तेजी से मजबूत हुए, जिसमें उच्च स्तरीय यात्राएं और रक्षा-सहयोग प्रमुख रहे।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं।**

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान



योगेश कुमार गोयल

**विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।**

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीआई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकलांग व्यक्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था। देश में अन्य क्षेत्रों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान के मद्देनजर उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से 2020 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम रखी गई 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं' (वूमेन इन साइंस)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं।




**2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था।**

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 19:12 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 08:32 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | शोभना, 14:43 |
| सूर्योदयः | 06:38 |
| सूर्यास्तः | 18:14 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 16:47-18:14 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

**पोटली ये ज्ञान की !**

*संविधान की ना समझ ।*
*है केवल चिल्लाना ।।*
*केवल लाल किताब से ।*
*ना बदले जमाना ।।*
*समझ बढ़ानी होगी ।*
*तभी मिलेगा वोट ।।*
*वरना है स्थायी ।*
*मिल रहा जो चोट ।।*
*ना बनेगी बात ।*
*और ना कायाकल्प ।।*
*पोटली ये ज्ञान की ।*
*रहेगी जब तक अल्प ।।*
*लाना है सुधार तो ।*
*हो जाओ गंभीर ।।*
*ना खोलेगी जनता ।*
*बिन बदले तकदीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हार्मोनल असंतुलन के कारण भी हो सकता है वजाइनल इंफेक्शन

**वजाइनल** इंफेक्शन अक्सर महिलाओं को परेशान करता है और इसे साफ-सफाई न रखने की वजह मानती है, लेकिन वजाइनल इंफेक्शन की हार्मोन बैलेंस न होने की वजह से हो सकता है। दरअसल, वजाइना में सामान्य रूप अच्छे बैक्टीरिया लैक्टोबैसिलस मौजूद होते हैं, जो पीएच बैलेंस बनाए रखते हैं। जब पीएच बैलेंस बिगड़ता है, तो यीस्ट या बैक्टीरिया इंफेक्शन हो सकता है। इसका कारण हार्मोनल बैलेंस न होना भी हो सकता है। क्या वजाइना में इंफेक्शन होने का कारण हार्मोन हो सकता है?



**पीरियड से पहले और बाद में:** महिलाओं में पीरियड के दौरान हार्मोन लेवल बदलता रहता है। कई बार एस्ट्रोजन कम होने पर वजाइना की परत पतली और सूखी हो सकती है, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है। कई बार पीरियड्स के दौरान लंबे समय तक पैड का इस्तेमाल करने से इंफेक्शन को बढ़ा सकता है। इस दौरान वजाइना का पीएच बदल जाता है, जिससे बैक्टीरिया के बढ़ सकते हैं।

**प्रेग्नेंसी:** प्रेग्नेंसी के दौरान हार्मोनल बदलाव की वजह से वजाइना में इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इस इंफेक्शन के कारण बच्चे को कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन प्रेग्नेंसी में महिलाओं को दिक्कत न हो, इसलिए डॉक्टर की सलाह तीन से सात दिन तक क्रीम लगाने की सलाह दी जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रेग्नेंसी के दौरान वजाइनल इंफेक्शन का चेकअप कराना बहुत महत्वपूर्ण है। स्टडी में पता चला है कि प्रेग्नेंसी के आखिरी ट्राइमेस्टर में वजाइनल इंफेक्शन ज्यादा होने का रिस्क रहता है। इसलिए इस दौरान महिलाओं को खास ध्यान रखना चाहिए।

**मेनोपॉजः** मेनोपॉज के दौरान एस्ट्रोजन की कमी हो जाती है और वजाइना में पीएच बढ़ जाता है। इससे बैक्टीरियल वेजिनोसिस इंफेक्शन हो सकती है। मेनोपॉज में ड्राइनेस के कारण भी इंफेक्शन हो सकता है।

**पीसीओएस या थायराइः** वजाइनल इंफेक्शन का सीधा रिलेशन थायराइड से होता है। इससे वजाइना के पीएच बैलेंस में बदलाव आ सकता है और फंगस का इंफेक्शन रहता है। पीसीओडी में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का बैलेंस बिगड़ने से मोटापा, पीरियड रेगुलर न होना और ज्यादा पुरुष हार्मोन होने के कारण वजाइना में इंफेक्शन होना का रिस्क बढ़ सकता है।

**वजाइनल इंफेक्शन होने के कारणः** डॉ. चेतना कहती हैं कि डायबिटीज, एंटीबायोटिक के बार-बार इस्तेमाल, बहुत ज्यादा टाइट कपड़े, सिंथेटिक कपड़े और अनसेफ इंटरकोर्स करने की वजह से भी वजाइनल इंफेक्शन हो सकती है। अगर किसी महिला को साल में तीन-चार से ज्यादा इंफेक्शन हो रहा है और लक्षण गंभीर हो जाते हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। डॉक्टर मरीज की मेडिकल कंडीशन को देखते हुए ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट या हार्मोन प्रोफाइल चेकअप की सलाह दे सकती है।

**निष्कर्षः** डॉ. चेतना जोर देते हुए कहती हैं कि बार-बार वजाइनल इंफेक्शन होने की वजह हार्मोन में बैलेंस न हो सकता है, इसलिए समय पर चेकअप और इलाज होना जरूरी है। अगर समय रहते इलाज हो जाए, तो वजाइनल इंफेक्शन से बचा जा सकता है।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# बसों के पहिए थमेंगे तो किसकी जिम्मेदारी तय होगी?



प्रो. आरके जैन

**समाधान स्पष्ट हैं, कमी केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति की है। ऐसी संतुलित नीति जरूरी है जो ऑपरेटर्स की आर्थिक चिंता और यात्रियों की सुविधा दोनों की रक्षा करे। मध्यस्थता तंत्र को संस्थागत बनाया जाए ताकि हड़ताल अंतिम उपाय रहे।**

**त्योहार** की आहट के बीच मध्य प्रदेश 2 मार्च 2026 की सुबह एक बड़े ठहराव की ओर बढ़ रहा है—सड़कों पर सन्नाटा होगा और यात्रियों की उम्मीदें अधर में लटकेंगी। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने नई परिवहन नीति के खिलाफ 2 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे से प्रदेश के 55 जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है—यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो करीब 20 हजार बसों के पहिए थम जाएंगे और लाखों यात्री सड़कों पर अटक जाएंगे। निजी ऑपरेटर्स का आरोप है कि पीपीपी मॉडल, सात जोनों में कंपनियों को अधिकार, बढ़ा हुआ टैक्स और बदले परमिट नियम उनके व्यवसाय की कमर तोड़ देंगे। होली से ठीक पहले उठाया गया यह कदम डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों को सीधे प्रभावित करेगा। चेतावनी साफ है—क्या सरकार अब भी तत्परता दिखाकर ठोस, समयबद्ध निर्णय ले इस टकराव को टाल पाएगी, या फिर लाखों यात्रियों को सड़कों पर उतरने का इंतज़ार ही करना होगा? हड़ताल की घोषणा कई दिन पहले हो जाती है, मांगें सार्वजनिक हो जाती हैं, वार्ता के दौर भी चलते हैं, फिर भी अंतिम निर्णय टलता रहता है। यह प्रतीक्षा आखिर किसके हित में है? सरकारें तब तक निर्णायक कदम क्यों नहीं उठातीं जब तक बसें सड़कों से गायब और जनता असहाय न हो जाए? यह कोई नई स्थिति नहीं, बल्कि बार-बार दोहराया जाने वाला पैटर्न है। जब चेतावनी स्पष्ट हो, पर्याप्त समय हो और संभावित नुकसान का अंदाजा भी हो, तब भी निष्क्रियता क्यों बनी रहती है? क्या प्रशासनिक तंत्र त्वरित निर्णय लेने में असमर्थ है या राजनीतिक समीकरण समाधान पर भारी पड़ते हैं? परिणाम हर बार एक जैसा होता है—तय तारीख आते ही परिवहन व्यवस्था चरमरा जाती है और आम आदमी को अपनी जेब और समय दोनों से इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। इस हड़ताल का सीधा और सबसे गहरा असर आमजन पर पड़ेगा। होली पर घर लौटने की तैयारी कर रहे छात्र, शहरों में काम कर रहे कामगार और परिवार से मिलने को उत्सुक लोग अचानक विकल्पहीन हो जाएंगे। बस किराए कई गुना तक बढ़ने की आशंका है, क्योंकि प्राइवेट टैक्सी और अन्य साधन महंगे तथा सीमित हैं। ट्रेनें पहले से भीड़ से जूझ रही हैं, ऐसे में अतिरिक्त दबाव हालात और बिगाड़ेगा। बुजुर्ग, बीमार और आपात स्थिति में यात्रा करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान होंगे। छोटे व्यापारी, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री, जो बसों पर निर्भर हैं, आर्थिक झटका सहने को मजबूर होंगे। प्रतिदिन लाखों रुपये का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थम जाएगी। यह संकट केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। परिवहन जैसे अनिवार्य क्षेत्र में बार-बार की हड़तालें विकासशील भारत की छवि पर सवाल खड़े करती हैं। विकसित देशों में सार्वजनिक परिवहन को आवश्यक सेवा मानकर सख्त कानून लागू हैं, जबकि यहां इसे लगभग सामान्य घटना की तरह लिया जाता है। इससे नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर संदेह गहराता है। क्या संगठित दबाव समूह आम नागरिक की सुविधा पर भारी पड़ रहे हैं? जब हर राज्य में यही हाल उभर रहा हो, तो स्पष्ट है कि समाधान टुकड़ों में नहीं, व्यापक और संरचनात्मक होना चाहिए। राष्ट्रीय परिवहन नीति अब विकल्प नहीं, अपरिहार्य आवश्यकता है। हालिया घटनाएं स्थिति की गंभीरता उजागर करती हैं। फरवरी 2026 में राजस्थान में निजी बस हड़ताल से लगभग 35,000 बसें बंद रहीं और 15 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए; त्योहारों के बीच किराए कई गुना बढ़े और राज्य परिवहन पर भारी दबाव पड़ा। नवंबर 2025 में दक्षिण भारत के छह राज्यों में इंटरस्टेट लग्जरी बसों की हड़ताल से 1,500 से अधिक बसें ठप रहीं और रोज 45,000 यात्री फंसे। तीर्थयात्री और मरीज विशेष रूप से परेशान हुए। जनवरी 2018 में तमिलनाडु में छह दिन चली सरकारी बस कर्मचारियों की हड़ताल ने पूरे राज्य की रफ्तार थाम दी थी। ये उदाहरण साबित करते हैं—चेतावनियां मिलती हैं, संकट दिखता है।

**चुनावी गणित, राजकोषीय बोझ और संगठित लॉबी की ताकत जैसे कारण गिनाए जाते हैं। बस मालिकों के संगठन प्रभावशाली हैं, उनकी मांगों को अनदेखा करना सरल नहीं। त्वरित निर्णय से खजाने पर भार बढ़ने की आशंका टालमटोल को जन्म देती है। पर इस रस्साकशी में सबसे कमजोर कड़ी आम यात्री बनता है न वह नीति-निर्माण में शामिल, न वार्ता की मेज पर उसकी आवाज़।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्पलेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# ऐतिहासिक घंटाघर को मिला नया जीवन, शहर ने सराहा नेतृत्व, होली पर शहर को मिला अनूठा उपहार

■ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की पहल पर जेपी रोड स्थित घंटाघर का भव्य जीर्णोद्धार

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





नगर के हृदय स्थल जेपी रोड वार्ड-25 स्थित ऐतिहासिक घंटाघर एक बार फिर अपनी भव्यता और गौरव के साथ शहरवासियों के सामने खड़ा है। नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए व्यापक जीर्णोद्धार कार्य के बाद पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने विधिवत लोकार्पण कर इसे जनता को समर्पित किया। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहे इस ऐतिहासिक धरोहर को आधुनिक तकनीक और सौंदर्य के साथ पुनर्जीवित कर नगर पालिका ने न केवल एक इमारत का कायाकल्प किया है, बल्कि शहर की सांस्कृतिक आत्मा को भी नई ऊर्जा प्रदान की है।

### 15 रंगों में जगमगाएगा घंटाघर

घंटाघर में लगाई गई अत्याधुनिक फसाड लाइटें 15 प्रकार के रंगों में परिवर्तित होंगी, जिनका संचालन मोबाइल के माध्यम से किया जा सकेगा। राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगे के रंगों में रोशन होकर यह धरोहर देशभक्ति का संदेश देगी, तो अन्य अवसरों पर अलग-अलग रंगों से शहर की रौनक बढ़ाएगी।चारों दिशाओं में स्थापित नई आधुनिक घड़ियों से अब शहर के विभिन्न कोनों से समय स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। पूरे ढांचे का रंग-रोगन कर इसे आकर्षक और नवीन स्वरूप दिया गया है।

### बांसुरी और टाइगर की कलाकृतियों से सजी पहचान होली पर शहरवासियों को विशेष सौगात

घंटाघर की सजावट में जनपद की विशिष्ट पहचान को विशेष स्थान दिया गया है। संरचना पर पीलीभीत की प्रसिद्ध बांसुरी और जिले की शान माने जाने वाले टाइगर की आकर्षक कलाकृतियां बनवाई गई हैं। यह न केवल सौंदर्य बढ़ाती हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और विरासत को भी अभिव्यक्त करती हैं। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली के पावन अवसर पर घंटाघर का पुनः संचालन नगर पालिका की ओर से शहरवासियों के लिए एक उपहार है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बंद पड़े इस ऐतिहासिक घंटाघर के घंटे अब फिर से गूंजने लगे हैं, जो शहर की पुरानी पहचान को पुनर्जीवित करते हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका परिषद शहर के समग्र विकास, सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

लोकार्पण कार्यक्रम में सभासदों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। क्षेत्रवासियों, व्यापारियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने नगर पालिका की इस पहल की खुलकर सराहना की और घंटाघर के नए स्वरूप पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि यह कार्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि शहर की आत्मा को संवारने का प्रयास है। ऐतिहासिक घंटाघर का पुनर्जीवन नगर पालिका परिषद की दूरदर्शी सोच और प्रभावी नेतृत्व का प्रमाण बनकर सामने आया है। यह पहल दर्शाती है कि जब इच्छाशक्ति और जनहित की भावना साथ हो, तो शहर की विरासत को आधुनिकता के साथ संजोया जा सकता है। पीलीभीत का यह नवनिर्मित घंटाघर अब केवल समय बताने वाला टावर नहीं, बल्कि शहर की प्रगति, सांस्कृतिक गौरव और सशक्त नेतृत्व का प्रतीक बन गया है।

# भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव संस्कृति के सेतु से मजबूत होते रिश्ते

■ गांधी प्रेक्षागृह में गूंजा सांस्कृतिक एकता का स्वर, कलाकारों ने बांधा समां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




गांधी प्रेक्षागृह, पीलीभीत में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का समापन केवल एक सांस्कृतिक आयोजन का अंत नहीं, बल्कि दो पड़ोसी देशों के ऐतिहासिक और आत्मीय संबंधों की पुनर्पुष्टि का प्रतीक है। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि कला और संस्कृति सीमाओं से परे जाकर भी दिलों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता रखती हैं। समापन अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास एवं नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। महोत्सव के नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस मंच के माध्यम से भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक मैत्री को और सुदृढ़ किया जा रहा है। महोत्सव में दोनों देशों की समृद्ध लोक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। लखीमपुर के सचिन अवस्थी एवं रामापाल निषाद ने लोक गायन की मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को बांधे रखा, जबकि लखनऊ की वीना पाण्डेय ने अपनी सुमधुर आवाज से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। अवधी लोकनृत्य की प्रस्तुति आरती मिश्रा एवं उनके तमाशा ग्रुप ने दी, जिसने ग्रामीण संस्कृति की जीवंत झलक पेश की। अजय मिश्रा की कठपुतली कला ने परंपरागत लोक मनोरंजन की विरासत को सजीव किया। लखनऊ के शभाशीष उपाध्याय के सात्विक बैंड ने आधुनिकता और परंपरा का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। नेपाल से आए आईसीसीआर प्रायोजित दल ने थारू एवं मयूर नृत्य की रंगीन छटा बिखेरी, जिससे सीमापार सांस्कृतिक समानताओं की झलक स्पष्ट हुई। राजस्थान के शिवनारायण चकरी एवं अन्य कलाकारों ने घूमर और चकरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण हरियाणा के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू की 'बमलहरी' प्रस्तुति रही, जिसने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति इस बात का प्रमाण थी कि लोककला आज भी समाज के हृदय में गहराई से रची-बसी है। भारत और नेपाल के बीच संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक आधार पर भी अत्यंत मजबूत हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से यह संदेश जाता है कि साझा परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत दोनों देशों को एक सूत्र में बांधे रखती हैं। विशेषकर सीमावर्ती जनपद पीलीभीत में इस प्रकार का आयोजन न केवल सांस्कृतिक चेतना को प्रबल करता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मैत्री को भी नई दिशा देता है। अंत में, नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी द्वारा सभी अतिथियों, कलाकारों एवं दर्शकों के प्रति व्यक्त किया गया आभार इस आयोजन की सामूहिक भावना को दर्शाता है। भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव यह सिद्ध करता है कि जब प्रशासनिक नेतृत्व, कलाकार और समाज एक मंच पर आते हैं, तो सांस्कृतिक संवाद एक सशक्त सेतु का रूप ले लेता हैं। ऐसा सेतु जो सीमाओं से परे जाकर आत्मीयता और विश्वास को मजबूत करता है।

# भारत–नेपाल सीमा पर संयुक्त फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

■ नेपाल में 5 मार्च को प्रस्तावित चुनाव के मद्देनज़र पुलिस–एसएसबी अलर्ट

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



नेपाल राष्ट्र में 5 मार्च को प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी पूरनपुर, क्षेत्राधिकारी पूरनपुर, थाना हजारा पुलिस तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान टीम ने सीमावर्ती गांवों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस या एसएसबी को देने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने अवैध आवागमन और तस्करी की रोकथाम के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। सीमा क्षेत्र में संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखने के भी आदेश जारी किए गए। थाना हजारा क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ ग्रामीणों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम बेल्हा और टाटरगंज में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत नशा मुक्ति काउंसलिंग विशेषज्ञों और पुलिस टीम ने ग्रामीणों व युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अभियान के दौरान नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प दिलाया गया। चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें नशे से प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सकीय सलाह दी गई। निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में प्रत्येक माह नियमित रूप से मेडिकल एवं नशा मुक्ति कैम्प आयोजित किए जाएंगे, ताकि नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को समय पर उपचार और काउंसलिंग मिल सके।

### होली पर्व को लेकर पीस कमेटी बैठक

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत थाना हजारा परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं व्यापारियों के साथ संवाद कर आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध सूचना की तत्काल प्रशासन को जानकारी देने को कहा। बैठक के उपरांत थाना हजारा का निरीक्षण कर अभिलेखों, शस्त्रागार, मालखाना और परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जनपद में सुरक्षा और सामाजिक समरसता को लेकर प्रशासन की सक्रियता से आमजन में विश्वास का माहौल दिखाई दे रहा है।

# थाना कोतवाली में समाधान दिवस, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

■ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं फरियादें, पारदर्शिता पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद में प्रशासनिक सक्रियता के तहत शनिवार को थाना कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की बिंदुवार समीक्षा की गई। राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने को कहा गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का निस्तारण तय समय सीमा में पारदर्शिता के साथ किया जाए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर उसका प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नई परंपरा शुरू न करने और निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन करें। समाधान दिवस के उपरांत थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं व्यापारियों के साथ आगामी होली पर्व के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि कोई भी नई परंपरा प्रारंभ न की जाए तथा होलिका दहन पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही किया जाए। डीजे संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों और समय सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। जनपदीय पुलिस और प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध सूचना या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

# बदलते दौर की कहानी या बिखरता परिवार? घुंघचाई की घटना ने खड़े किए कई सवाल

■ बच्चों की आंखों में सवाल, थाने के बाहर रिश्तों की अंतिम कोशिश भी रही बेअसर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के घुंघचाई क्षेत्र में घटित एक पारिवारिक घटनाक्रम ने समाज को झकझोर दिया है। दो विवाहित सगी बहनों का अपने-अपने प्रेम संबंधों के साथ जाने का निर्णय अब केवल एक खबर भर नहीं रह गया, बल्कि यह बदलते सामाजिक ताने-बाने, रिश्तों की परिभाषा और सबसे बढ़कर बच्चों के भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिन्ह बनकर उभरा है। करीब पंद्रह दिन पहले 13 फरवरी को दवा लेने का बहाना बनाकर घर से निकली दोनों बहनें अचानक लापता हो गई थीं। परिजनों ने हर संभव प्रयास किया, रिश्तेदारों से लेकर परिचितों तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। विगत दोपहर जब दोनों बहनें स्वयं थाने पहुंचीं तो जैसे ठहरे हुए हालात एकाएक उफान पर आ गए। सूचना मिलते ही परिवारजन भी वहां पहुंच गए। थाने का परिसर मानो रिश्तों की अंतिम परीक्षा का साक्षी बन गया।

### 'बच्चों के लिए लौट आओ' लेकिन नहीं पिघला मन

करीब एक घंटे तक समझाने-बुझाने का दौर चलता रहा। मां-बाप, ससुराल पक्ष और परिजन बच्चों की दुहाई देते रहे। मासूमों का हवाला दिया गया, उनकी परवरिश, भविष्य और सामाजिक प्रतिष्ठा की बातें उठीं। लेकिन दोनों महिलाएं अपने निर्णय पर अडिग रहीं। सूत्रों के अनुसार उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे अपनी इच्छा से गई थीं और अब उसी जीवन को आगे बढ़ाना चाहती हैं जिसे उन्होंने चुना है। कानूनी औपचारिकताओं के बाद वे अपने-अपने साथियों के साथ चली गईं। यह घटना केवल एक परिवार की कहानी नहीं है। यह उस दौर का आईना भी है जिसमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता, भावनात्मक संतुष्टि और निजी निर्णयों को प्राथमिकता दी जा रही है। परंपरागत पारिवारिक संरचना और सामाजिक मर्यादाएं धीरे-धीरे नए मानकों से टकरा रही हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि आधुनिक युग में सोशल मीडिया, मोबाइल संचार और बदलती जीवनशैली ने रिश्तों की परिभाषा को बदल दिया है। लेकिन इसके समानांतर यह भी सवाल उठता है कि इन निर्णयों का असर सबसे ज्यादा किस पर पड़ता है?

### मासूमों की खामोश दुनिया: समाज के लिए आत्ममंथन का अवसर

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे संवेदनशील पक्ष वे बच्चे हैं, जो अभी रिश्तों की जटिलता समझने की उम्र में नहीं हैं। उनके सामने अचानक बदली पारिवारिक परिस्थितियां भविष्य में भावनात्मक प्रभाव छोड़ सकती हैं। ग्रामीणों में चर्चा है, कुछ लोग इसे व्यक्तिगत अधिकार बता रहे हैं तो कुछ पारिवारिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देख रहे हैं। घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल कानूनी पहलू ही नहीं, बल्कि सामाजिक संवाद, पारिवारिक सामंजस्य और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। घुंघचाई की यह कहानी आने वाले समय में शायद भुला दी जाए, लेकिन इससे जुड़े प्रश्न रिश्तों की जिम्मेदारी, बच्चों का भविष्य और आधुनिकता की कीमत लंबे समय तक समाज के सामने खड़े रहेंगे।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत उज्ज्वला परिवारों को रिफिल सब्सिडी का वितरण



■ गांधी सभागार में लखनऊ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण, 12 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी को अपराह्न 4 बजे लोक भवन, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ने की और प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए होली के अवसर पर उज्ज्वला परिवारों को दी जा रही निःशुल्क रिफिल सब्सिडी की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि योजना के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है तथा स्वच्छ ईंधन के उपयोग से उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आया है। इस अवसर पर 10 उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से निःशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में कराया गया।

### जनपद स्तर पर गांधी सभागार में आयोजन

जनपद पीलीभीत में गांधी सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। आयोजन में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि हरेन्द्र, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य रीजनल प्रबंधक एचपीसीएल, विक्रय अधिकारी एचपीसीएल/जिला समन्वयक उज्ज्वला योजना, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बीसलपुर सहित लगभग 300 उज्ज्वला लाभार्थी उपस्थित रहे। सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद के 12 उज्ज्वला लाभार्थियों– श्रीमती दामिनी, सीमा, नीलम, किरण देवी, पूनम देवी, शिव देई, पिंकी, लीलावती, वेदवती, प्रेमवती, जैबुन निशा एवं फरजाना – को 552.50 रुपये की निःशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के दो लाख से अधिक उज्ज्वला परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# एलएच शुगर फैक्ट्री के बाहर ट्रक में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

■ चालक की सूझबूझ से बची जान, दो लाख से अधिक का नुकसान; कुछ देर बाधित रहा यातायात

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एलएच शुगर फैक्ट्री के मुख्य द्वार के बाहर निकलते ही एक ट्रक में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग की लपटें देखते ही देखते वाहन के केबिन को अपनी चपेट में लेती चली गई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक मिल परिसर से बाहर निकल ही रहा था कि उसके अगले हिस्से से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत वाहन रोका और फुर्ती दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचा ली। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और केबिन धू-धू कर जलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही मार्ग पर दहशत का माहौल बन गया। राहगीर और आसपास मौजूद लोग सुरक्षित दूरी पर हट गए। वहीं कुछ लोगों ने साहस का परिचय देते हुए उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों की तत्परता के चलते आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, अन्यथा आसपास खड़े वाहनों और राहगीरों के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता था।घटना में खटीमा निवासी कमरुद्दीन को दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने की बात सामने आई है। आग की चपेट में आकर उनका मोबाइल फोन भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण वाहन में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि विभागीय जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के चलते कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

# पूर्णागिरि मेले को लेकर मेला स्पेशल ट्रेनों की तैयारी तेज

## सामाजिक कार्यकर्ताओं के ज्ञापन पर रेलवे प्रशासन सक्रिय

■ श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शाहजहांपुर-टनकपुर रूट पर विशेष ट्रेन संचालन शुरू

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पीलीभीत।** आस्था के महापर्व पूर्णागिरि मेला को देखते हुए जनपद में रेल सुविधाओं को सुदृढ़ करने की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट, राहुल कौशल एडवोकेट, शुभम गुप्ता और हरिशंकर राजपूत के नेतृत्व में स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में 3 जोड़ी टनकपुर-बरेली अथवा कासगंज के लिए मेला स्पेशल ट्रेन चलाने, 1 जोड़ी मैलानी अथवा शाहजहांपुर तक विशेष ट्रेन संचालित करने तथा यात्रियों की सुरक्षा, पेयजल, साफ-सफाई और अतिरिक्त टिकट काउंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।



'पूर्णागिरि मेला हमारी धार्मिक आस्था का केंद्र है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। रेलवे प्रशासन ने हमारी मांगों पर तत्परता दिखाई है, जो सराहनीय कदम है। आशा है कि प्रत्येक यात्री को बेहतर व्यवस्था और सहज सफर का अनुभव मिलेगा।'

**शिवम कश्यप**
**एडवोकेट, सामाजिक कार्यकर्ता।**

### 3 मार्च से शाहजहांपुर–पीलीभीत, 6 मार्च से टनकपुर–बरेली रूट पर तैयारी

सूत्रों के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। 3 मार्च से शाहजहांपुर-पीलीभीत रूट पर तथा 6 मार्च से टनकपुर-बरेली-कासगंज रूट पर दो जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की तैयारी कर ली गई है। इससे मेले में आने-जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि यात्रियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अतिरिक्त कोच, सुरक्षा बलों की तैनाती और प्लेटफॉर्म प्रबंधन को भी मजबूत किया जाएगा। बताया जा रहा है कि शाही में खड़े कोच को अप्रैल माह में टनकपुर से नांदेड़ (महाराष्ट्र) तक संचालित करने की योजना पर भी कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस को पुनः सुचारु रूप से चलाने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं।

### श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान जरूरी: शिवम कश्यप

सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट ने कहा कि पूर्णागिरि मेला हमारी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने रेलवे प्रशासन के सकारात्मक रुख की सराहना करते हुए कहा कि उम्मीद है पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल परिवार प्रत्येक यात्री को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराएगा।

## जिला जज के आशीष के निर्देश पर लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन'' के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के क्रम में विजय भान, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के समय वहाँ पर उपस्थित लिपिक अशोक कुमार राना द्वारा यह बताया गया कि लीगल एड डिफेंस काउंलिस सिस्टम के समस्त कार्य सुचारू रूप से हो रहे है। निरीक्षण के समय बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, सुजीत बाजपेई, सईद अहमद अन्सारी, अंकुर वर्मा, शुभॉशी तिवारी, भूपेन्द्र कुमार दीक्षित अधिवक्तगण लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम तथा लिपिक अशोक कुमार राना व आशीष यादव, कार्यालय में उपस्थित मिले। लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के कार्यों को देखा गया वह समस्त कार्य सही पाये गये। इसी क्रम में एक बैठक समस्त तहसीलदारों के साथ आहूत की गयी। उक्त बैठक आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-14.03.2026 को सफल बनाये जाने बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक विजय भान, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हांकित कर निस्तारित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किये जाने हेतु उपस्थित समस्त अधिकारियों से वार्ता की गयी।

# हरदोई में आयुर्वेदिक फैक्ट्री पर छापा,भारी मात्रा में भांग बरामद

जन एक्सप्रेस । हरदोई



शहर कोतवाली क्षेत्र के नघेटा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक आयुर्वेदिक फैक्ट्री में भारी मात्रा में भांग रखे जाने की सूचना पर एसओजी टीम ने अचानक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री परिसर में भांग से भरा एक ट्रक बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में भंडारण क्षमता से अधिक स्टॉक मिलने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार हरदोई के नघेटा इंडस्ट्रियल एरिया में संचालित ओम आयुर्वेदिक कंपनी को सीमित मात्रा में भांग रखने और उससे आयुर्वेदिक उत्पाद तैयार करने की अनुमति है। हालांकि छापे के दौरान मिली मात्रा ने अधिकारियों को चौंका दिया। बताया जा रहा है कि स्टॉक निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक था।सूचना मिलते ही स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने सुबह लगभग दस बजे फैक्ट्री में छापा मारा। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, आबकारी विभाग, एक्साइज विभाग, आयुर्वेद विभाग और बिजली विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने फैक्ट्री के लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर और परिवहन संबंधी दस्तावेजों का मिलान शुरू कर दिया है।प्रारंभिक स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि होली के मद्देनजर भांग से बने उत्पादों की बड़े पैमाने पर आपूर्ति की तैयारी की जा रही थी। इसी क्रम में निर्धारित सीमा से अधिक भंडारण किया गया हो सकता है। हालांकि वास्तविक स्थिति दस्तावेजों के सत्यापन और विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।अधिकारियों ने बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। मामले में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## दबंगों के हमले से किशोरी घायल,8 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला निहालगंज मे 24 फ़रवरी की सुबह करीब 6 बजे जानवरों को चारा डालने जा रही किशोरी को घात लगाकर हमलावरों ने लाठी डंडों और राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे किशोरी लहूलुहान हो गई। किशोरी की हालत मे सुधार नही हुआ है।घायल की माँ की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच कर रही है।पीड़िता उषा पत्नी संजीव मिश्रा के अनुसार 24 फरवरी की सुबह उसकी 14 वर्षीय पुत्री प्रियांशी घर से बग्गर में जानवरों को चारा डालने जा रही थी। विपक्षी विपिन,पवन,रोहित और हरिराम पुत्रगण रामलाल ने विशाल पुत्र श्यामलाल,आशीष पुत्र रामकुमार,शुभम पुत्र भूरा और चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में घात लगाकर उसकी पुत्री को लाठी डंडो और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमे उसका सिर फट गया। उसकी पुत्री के सिर मे बीस टांके लगे है। पुत्री की हालत सीरियस है। विपक्षी उसके परिजनों को रोज गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी दें रहे हैं। तहरीर के आधार पर हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## डीएम व एसपी ने सुनी थाना समाधान दिवस में जनशिकयतें



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई।डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा ने थाना कोतवाली शहर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों पर ध्यान केंद्रित किया गया।डीएम ने राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के माध्यम से मौके पर पहुंचकर विवादों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवादों के मामलों में देरी न हो और पारदर्शी तरीके से जांच कर त्वरित कार्रवाई की जाए।एसपी ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए तथा आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान करना है।प्रशासन ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाएगी और संबंधित विभागों की संयुक्त कार्रवाई से विवादों का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

## विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल देकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस/शाहाबाद। कैरियर पब्लिक स्कूल में संपन्न विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले समस्त 81 बच्चों को मलकापुर की सभासद जिया जुनैद ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। गुरुवार को कैरियर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डाक्टर सलीम सिद्दीकी की देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बेहतरीन उपकरणों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी को अवलोकन करने के बाद तीन विजेताओं को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया था जिन्हें उसी दिन मुख्य अतिथि डॉक्टर शारिक परवेज, प्रोफेसर इमरान अली खान, चौधरी उमेश गुप्ता, डॉक्टर मनीष शर्मा एवं सभासद प्रतिनिधि जुनैद अली खान ने प्रदान किया था। इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी 81 छात्र-छात्राओं को हौसला-अफजाई के लिए गोल्ड मेडल प्रदान करने का ऐलान किया था। इस घोषणा के अनुरूप शनिवार को स्कूल कैंपस में सभासद जिया जुनैद ने अपने हाथों से गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर इमरान खान, डॉ सलीम सिद्दीकी, उमैर अली खान एवं प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## विधायक के प्रयास से सवायजपुर क्षेत्र में 4 नई सड़कों के निर्माण को मिली स्वीकृति

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के प्रयासों से चार नई सड़कों के नवनिर्माण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना पर लगभग 412 लाख रुपये की लागत से करीब 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत मार्गों में गौटिया से जमालपुर, धीरपुर से अन्ना, नुर्रा से हरिपलापुर होते हुए मटका तथा ब्रह्मरौली से मिश्रनपुरवा तक सड़क निर्माण शामिल है। इन सड़कों के बन जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।विधायक श्री रानू ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और बेहतर सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी। क्षेत्रवासियों ने शासन द्वारा इन सड़कों की स्वीकृति मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक श्री रानू को आभार व्यक्त किया है।

## जीनियस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । हरदोई




शनिवार को जीनियस पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हरपालपुर में हर्षोल्लास के साथ विज्ञान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।जिसमें स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को विज्ञान दिवस के अवसर पर जीनियस पब्लिक हायर सेकेंड्री स्कूल हरपालपुर में नोबेल पुरस्कार प्राप्त महान वैज्ञानिक सीवी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड नेवी ऑफिसर श्री शंकर सिंह तोमर ने बच्चों को जीवन से जुड़े पहलुओं और सफलता प्राप्त करने हेतु आवश्यक मान बिंदुओं को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया।फिजिक्स प्रवक्ता मनीष कुशवाहा, रमन इफेक्ट के बारे में विस्तार से समझाते हुए बच्चों को विज्ञान से जुड़ने पर बल दिया।इस अवसर पर स्कूल मे एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर विज्ञान के प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई, वक्ता के रूप में श्रद्धा सिंह देवांश, प्राची, मधुबाला, तहा खान, शिवांश के द्वारा दिए गए वक्तव्य को सराहा गया।प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह चौहान द्वारा विज्ञान दिवस एवं होली की शुभकामना देते हुए बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करते हुए देश को एकीकरण के साथ नई दिशा में प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

## ग्राम प्रहरी गांवो में होली पर हुड़दंगियों की सूचना तत्काल दें: एसएचओ

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरपालपुर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने शनिवार को ग्राम प्रहरियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में शांति व्यवस्था के साथ होली त्योहार मनाए जाने में वह अपने कर्तव्यों का पालन करें।उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरी होली के दिन शराब आदि का सेवन न करें तथा पूरे दिन गांव में मौजूद रहकर गतिविधियों पर नजर रखें।अगर कहीं कोई भी व्यक्ति होली त्योहार पर अराजकता या हुड़दंग की कोशिश करता है तो उसकी तत्काल थाने पर सूचना दें।उन्होंने कहा कि ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी है कि वह अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें तथा ग्रामीण क्षेत्रो में शांति व सौहार्दपूर्ण होली त्योहार मनाए जाने के लिए सहयोग करें व खुद संयमित रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करें।

## विद्युत तकनीशियन कर्मचारियों को 'दलाल' कहने पर उबला आक्रोश

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष द्वारा तकनीशियन ग्रेड-2 (टीजी-2) संवर्ग के संबंध में दिया गया वक्तव्य, जिसमें तकनीशियन कर्मचारियों पर अतिरिक्त ड्यूटी न करने एवं ÷दलाली÷ जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, असंवेदनशील एवं अमर्यादित बताते हुये कर्मचारियों ने न केवल धरना प्रदर्शन कर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश उक्त बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह टिप्पणी प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत लगभग 20,000 तकनीशियन कर्मचारियों के मान-सम्मान, गरिमा एवं आत्मसम्मान पर सीधा आघात है, जो विषम मौसम, दुर्घटना संभावित एवं जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में निरंतर कार्य करते हुए प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संघ स्पष्ट करना चाहता है कि तकनीशियन (टीजी-2) संवर्ग के कार्मिक विभिन्न इकाइयों एवं शाखाओं में, कार्मिकों एवं संघ द्वारा पूर्व में व्यक्त आपत्तियों के बावजूद, संबंधित सक्षम अधिकारियों के लिखित आदेशों के अनुपालन में ही कार्यरत हैं। यदि कहीं कार्य आवंटन अथवा तैनाती संबंधी कोई प्रशासनिक विसंगति विद्यमान है, तो उसका समाधान प्रशासनिक एवं संस्थागत स्तर पर किया जाना अपेक्षित है, न कि संपूर्ण तकनीकी संवर्ग को सार्वजनिक मंच से अपमानजनक शब्दों द्वारा संबोधित कर। किसी शीर्ष पद पर आसीन अधिकारी द्वारा इस प्रकार की सामान्यीकृत टिप्पणी न केवल कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित करती है, बल्कि विभागीय समन्वय, कार्य संस्कृति एवं जनसेवा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। तकनीशियन कर्मचारी सदैव निगम हित एवं उपभोक्ता हित को सर्वोपरि मानते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते आए हैं। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ मांग करता है कि तकनीशियन संवर्ग के संबंध में दिए गए उक्त आपत्तिजनक वक्तव्य पर तत्काल सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करते हुए सम्मानजनक स्पष्टीकरण जारी किया जाए। अन्यथा संघ प्रदेश भर के तकनीशियन कर्मचारियों के साथ लोकतांत्रिक, संगठनात्मक एवं विधिक स्तर पर चरणबद्ध कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऊर्जा प्रबंधन की होगी। तकनीकी कर्मचारियों का सम्मान एवं स्वाभिमान सर्वोपरि है तथा संगठन अपने प्रत्येक सदस्य की गरिमा की रक्षा हेतु हर स्तर पर संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान अनेकों कर्मचारी मौजूद रहे।


## रमज़ान एनर्जी गाइड: रोज़े के दौरान एक्टिव कैसे रहें- ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड

कानपुर। पवित्र महीना रमज़ान इबादत, सोच-विचार और मिल-जुलकर रहने का समय होता है। 30 दिनों तक सुबह से शाम तक रोज़ा रखना शरीर के लिए थकाने वाला हो सकता है, खासकर माताओं, कॉलेज के विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए जो रोज़ की ज़िम्मेदारियाँ भी निभाते हैं। पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है सही तरीके से और सोच-समझकर तैयार की गई सहरी खाना। ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड, डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने बताया कि सहरी में ध्यान संतुलित और धीरे-धीरे ऊर्जा देने वाले भोजन पर होना चाहिए, जो दिन भर ताकत बनाए रखने में मदद करें और थकान से बचाएं। पोषक तत्वों से भरपूर भोजन शरीर को लगातार ऊर्जा देता है और लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है। दूसरी ओर, दिन की शुरुआत तले हुए या बहुत मीठे भोजन से करने पर ऊर्जा जल्दी बढ़ती है और फिर अचानक गिर जाती है। इससे दिन बढ़ने के साथ-साथ थकान और प्यास ज्यादा महसूस हो सकती है। सहरी में समझदारी से और पौष्टिक भोजन चुनने से रोज़ा रखना अधिक आसान और ऊर्जावान महसूस हो सकता है।

## किशोरियों के लिये एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

### सीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में देखा लाइव प्रसारण

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल की शुरूआत करते हुए किशोरियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का औपचारिक शुरुआत पांच किशोरियों को वैक्सीन लगाकर की गई। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर में जनप्रतिनिधियों व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया।

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी का कैंसर) से बचाव के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। लाइव प्रसारण में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं के सामने आने वाली छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। एचपीवी टीकाकरण अभियान देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है। महिलाएं हर घर की रीढ़ होती हैं, इसलिए 2014 से अब तक सरकार ने उनके जीवन को आसान बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि एचपीवी एक आम वायरस है जो त्वचा से त्वचा के संपर्क से फैलता है। एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को लगाई जानी है ताकि भविष्य में उन्हें सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के लाइव प्रसारण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता, डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, छिरिया सलेमपुर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद राजपूत, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## होली पर्व पर 4 मार्च को जनपद में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

उरई (जालौन)। जनपद में आगामी होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आबकारी अधिनियम की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए 4 मार्च 2026 को जनपद की समस्त आबकारी अनुज्ञापन बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च 2026 को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक जनपद जालौन स्थित सभी विदेशी मदिरा, बीयर, देशी शराब की दुकानें, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार एवं होटल बार पूर्णतः बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त अवधि में सभी थोक एवं फुटकर आबकारी अनुज्ञापन बंद रहेंगे तथा बंदी अवधि का कोई प्रतिफल संबंधित अनुज्ञापियों को देय नहीं होगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अपने स्तर से समस्त थाना प्रभारियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दें। साथ ही समस्त उपजिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## पालिका बोर्ड मीटिंग में नगर विकास के लिए 55 करोड़ का बजट पास

जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)

नगर पालिका सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में पांच प्रस्ताव पटल पर रखे गए, जिनमें सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस वित्तीय वर्ष में नगर के विकास के लिए 55 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया है। पालिका सभागार में बोर्ड बैठक पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल की अध्यक्षता एवं ईओ सुशील कुमार की की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार मौजूद रहे। बैठक में नगर के विकास और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। पटल पर वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति पर भी चर्चा हुई। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर के विकास के लिए 35 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ था। इस वत्तीय वर्ष के लिए बजट में 20 करोड़ रुपये और बढ़ाए गए हैं। इस वित्तीय वर्ष का कुल अनुमानित बजट 55 करोड़ रुपये रहा। नगर की विभिन्न विकास योजनाओं दीनदयाल नगर विकास योजना, अंत्येष्टि स्थल विकास योजना, नगरीय पेयजल योजना, सीवरेज और जल निकासी योजना, नगरीय झील, तालाब, पोखर योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, वैश्विक नगरोदय योजना के प्रस्तावों को शासन को भेजने पर सभी सभासदों ने सहमति व्यक्त की। पालिकाध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल ने कहा कि नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। ईओ सुशील कुमार ने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था, जल निकासी, पेयजल,

## शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करें: डीएम

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली उरई परिसर में सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान करना है। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि मामलों का निस्तारण शीघ्र हो सके। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पुलिस से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए थाना स्तर पर ही अधिक से अधिक मामलों के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान थाना दिवस के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 7 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 3 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित कर समय सीमा के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य, एसएचओ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस से लोगों का हुआ मोहभंग, दो शिकायतें आयीं

जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)

उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में 2 मामले प्रस्तुत किये गये। प्रस्तुत मामलों में अतर सिंह पुत्र रामाधार निवासी ग्राम तिरही ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया है कि मेरी दीवार को विपक्षियों द्वारा उसके घर को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं जिसे रोका जाए इसी क्रम में मोतीलाल निवासी शाहजहांपुर ने बताया कि वह अपनी जमीन में पिलर खोद रहा है तथा विपक्षी घर बनाने को जबरन रोकने का प्रयास कर रहे हैं व भूमि विवाद को लेकर शिकायती पत्र प्रस्तुत किया। शनिवार को कोतवाली के सभागार में आयोजित थाना दिवस मे एसडीएम ने कहा कि राजस्व सम्बंधित मामलों को मौके पर पहुंच कर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली नहीं होनी चाहिए। एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार ने बताया कि 2 फरियादियों के द्वारा शिकायते प्रस्तुत की गई। मामले का निस्तारण कर दिया गया। एक को निपटाने के लिये राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, एडीशनल इंस्पेक्टर अवनीश कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह, चैकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह चंदेल, विशाल भड़ाना, सब इंस्पेक्टर ओमकार सिंह, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेन्द्र निरंजन समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद, होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

## महराजगंज में समाधान दिवस पर जन शिकायतों की सुनवाई, त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**



जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से थाना श्यामदेउरवा में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान ग्राम नटवा जंगल निवासी कैलाश साहनी द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई भूमि पैमाइश संबंधी शिकायत की स्थिति की जानकारी जिलाधिकारी ने स्वयं मोबाइल फोन के माध्यम से प्राप्त की। शिकायतकर्ता ने बताया कि भूमि की पैमाइश कर दी गई है और वे निस्तारण से संतुष्ट हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस में विमला पत्नी श्रवण (सेमरा चन्दौली, परतावल चौकी), परशुराम पुत्र जोखई (बसडीला उर्फ अमवा), सत्यनारायण पुत्र पूर्णवासी, रविन्द्रा देवी (पंचदेउरी), उदयभान तिवारी (लखिमा), अमरनाथ पुत्र सुखराम (बड़हरा बरईपार) तथा सुनिल कुमार कन्नोजिया (बसहिया बुजुर्ग) सहित अन्य फरियादियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की। उन्होंने आमजन से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया तथा ग्रामीण क्षेत्रों की शांति व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## नि:शुल्क अंबेडकर पाठशाला ग्राम रिछा में मनाया गया विज्ञान दिवस

**महोबा।** कुलपहाड़ तहसील के ग्राम रिछा में संचालित निःशुल्क अम्बेडकर पाठशाला ग्राम रिछा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया द्य इस मौके पर प्रवास के रूप में फाउंडेशन के डायरेक्टर इन्द्र कुमार रहे फाउंडेशन द्वारा रिछा अम्बेडकर पाठशाला में शिक्षण कार्य, शैक्षिक गतिविधियों हेतु टी एल एम,पठन पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई गई, कार्यकर्ताओं को टी एल एम,तथा खेल खेल के माध्यम से छोटे बच्चों को शिक्षण कार्य कराने का प्रशिक्षण दिया गया द्य कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कॉर्डिनेटर आनंद कुमार के नेतृत्व में किया गया इस मौके पर इन्द्र कुमार कुशवाहा डायरेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है, जो भारतीय वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की याद में मनाया जाता है। विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वही आनंद पाल ने बताया कि विज्ञान ने अंतरिक्ष से लेकर दैनिक जीवन में जो भी हमे सुख सुविधाएं मिल रही विज्ञान की देन है।

# पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन अभियुक्त गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**

थाना फतनपुर पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की सात मोटरसाइकिलें और घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त भीड़भाड़ वाले इलाकों में रैकी कर वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि बीते 23 फरवरी को रायबट्टी पाल सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, बीरापुर से एक छात्र की बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में पीड़ित की मां ( निवासी भदोही, हाल पता फतनपुर ) ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर थाना प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित टीम ने सुवंसा नहर मोड़ के पास से घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में नमन सरोज उर्फ प्रियांशु राज प्रयागराज जिले के फूलपुर एवं कृष्ण कुमार सरोज उर्फ गामा व बबलू सरोज फतनपुर थाना इलाके के पूरेगोसाई के रहने वाले हैं। कृष्ण कुमार उर्फ गामा शातिर अपराधी है जिस पर पूर्व में भी चोरी व जालसाजी के मुकदमे दर्ज हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ई-रिक्शा के जरिए सवारी ढोने के बहाने भीड़भाड़ वाले स्थानों की रैकी करते थे ताकि किसी को शक न हो। मौका पाकर वे मास्टर चाबी से बाइक उड़ा लेते और उन्हें सुनसान झाड़ियों में छिपा देते थे। बरामद सात मोटरसाइकिलों में पल्सर, स्प्लेंडर, पैशन प्रो और एचएफ डीलक्स जैसी गाड़ियां शामिल हैं। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे इन वाहनों को औने-पौने दामों में बेचकर अपने शौक पूरे करते थे। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# 32 पीड़ितों के चेहरों पर लौटी मुस्कान, वापस कराए ठगी के 10.91 लाख

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**




जनपद में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रतापगढ़ को बड़ी सफलता हांथ लगी है। एसपी दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 32 अलग-अलग पीड़ितों के बैंक खातों से ठगी गई दस लाख इक्यानवे हजार आठ सौ निन्यानवे रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक वापस करा दी है।? ?पुलिस के अनुसार यह सफलता नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल ( छब्त्च् ) पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान मिली। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ( नोडल अधिकारी ) एवं क्षेत्राधिकारी नगर ( सहायक नोडल अधिकारी ) के निकट पर्यवेक्षण में टीम ने साक्ष्य जुटाए। इसके पश्चात जनपद न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करते हुए फ्रीज कराई गई धनराशि को पीड़ितों के मूल खातों में वापस कराया गया। ?ठगी के इन मामलों में अपराधियों ने मुख्य रूप से यूपीआई फ्रॉड जैसे झांसा देकर क्यूआर कोड स्कैन कराना या पिन मांगना या फिर फर्जी लिंक भेजकर लॉगिन क्रेडेंशियल चुराना व ?क्रेडिट कार्ड में रिवॉर्ड पॉइंट या लिमिट बढ़ाने के तरीके अपनाये थे। ?इस रिकवरी अभियान में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सिंह, मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी सत्येन्द्र कुमार और आरक्षी शिवम यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अपनी डूबी हुई रकम वापस पाकर पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन और साइबर सेल के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

## होली और रमजान के पावन पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पीस कमेटी की बैठक की गई

**महोबा।** होली, रमजान के अंतिम शुक्रवार अलविदा की नमाज एवं ईद उल फितर को देखते हुए जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में गणमान्य व्यक्तियों से सुझाव व समस्या जानी गयी ।जिलाधिकारी नें निर्देशित करते हुए कहा कि होलिका दहन स्थलों के आसपास विद्युत तारों को दुरुस्त किया जाए। उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी पर्वों को लेकर स्थलीय निरीक्षण कर लें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना होने पाए। जुलूसों में डीजे पर धार्मिक उन्माद फैलाने अथवा अश्लील गाने ना बजाए जाएं तथा पर्व के दौरान किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो। और उन्होंने कहा कि अधिकारी संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दें. डीपीआरओ एवं नगर निकायों के समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर साफ–सफाई काराये।

# एसपी ने जनसुनवाई के बाद किया थाने का निरीक्षण, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के नगर कोतवाली थाने में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को एसपी दीपक भूकर द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। एसपी ने उपस्थित आमजन की शिकायतों, प्रार्थना पत्रों एवं समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ परीक्षण करते हुए गुण-दोष के आधार पर त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। जनसुनवाई के बाद एसपी दीपक भूकर द्वारा थाने के विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान आगन्तुक पंजीकरण, अपराध रजिस्टर, मालखाना, शस्त्र रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, रोजनामचा, सीसीटीएनएस पोर्टल से संबंधित अभिलेखों एवं अभिलेख रखरखाव प्रणाली की गहन जांच की गई। अभिलेखों के अद्यतन, अभिलेखन की शुद्धता, पारदर्शिता तथा जनता से जुड़े कार्यों में तत्परता सुनिश्चित करने के संबंध में थाना प्रभारी को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित आमजन से संवाद स्थापित कर यह भी बताया कि थाना समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य पुलिस व जनता के मध्य विश्वास, सहयोग एवं पारदर्शिता को और सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, न्यायसंगत एवं प्रभावी ढंग से किया जाए, ताकि प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय की अनुभूति हो सके। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, हवालात की सुरक्षा, बंदियों के प्रति मानवीय व्यवहार तथा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी एवं अनुशासन पर विशेष बल दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने शनिवार को पूरे केशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की दिलीपपुर थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे से संबंधित एक अभियुक्त को थाना इलाके के रखहा बाजार के पास से गिरफ्तार किया। बता दें कि थाना इलाके के नौहर हुसैनपुर निवासी प्रमोद कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि उसके गांव के ही लगभग दो दर्जन लोग एक राय होकर कट्टा, कुल्हाड़ी, बांका, लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से लैस होकर उसके दरवाजे पर चढ़ आए तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग एवं मारपीट की। घटना में एक व्यक्ति को गोली लगने से गंभीर चोट आई तथा अन्य परिजनों को धारदार हथियार एवं लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर दिया गया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस तहरीर के आधार पर 23 नामजद एवं कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। एसपी दीपक भूकर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर बलराम सिंह के नेतृत्व में एसआई रमिल कुमार व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त नागेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी नौहर हुसैनपुर को थाना इलाके के रखहा बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

# दहेज की भूख ने उजाड़ा घर, विवाहिता को मारपीट कर निकाला

**जन एक्सप्रेस | ठूठीबारीध्महराजगंज**

दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट, गाली-गलौज और घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने महराजगंज पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के धरमौली निवासी किरन पुत्री रामजतन कन्नौजिया के अनुसार उसकी शादी बीते 13 मई 2025 को ग्राम परसा मलिक टोला अहिरौली, थाना परसामलिक निवासी राधेश्याम पुत्र छोटेलाल के साथ हुई थी। विवाह के समय उसके पिता ने चार लाख रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल, जेवरात व अन्य घरेलू सामान दिया था। आरोप है कि शादी के एक माह बाद ही पति और ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया।

पीड़िता का कहना है कि पति, सास, ससुर, जेठ, जेठानी व ननद व्यवसाय के लिए अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जाने लगी। आरोप है कि 11 सितंबर 2025 को सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज किया तथा उसका स्त्रीधन व अन्य सामान छीन लिया। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी देते हुए उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने परसामलिक थाने में तहरीर दी, लेकिन कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष नवनीत नागर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नवविवाहिता लाखों की नकदी–जेवर संग युवक के साथ फरार

**जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी | महराजगंज**

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक नवविवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिवार में दहशत और अनिश्चितता का माहौल है। परिजनों ने कोतवाली पुलिस प्रशासन को लिखित तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि युवती की शादी करीब दस माह पूर्व हुई थी। परिजनों के अनुसार बीते दिनों में ठूठीबारी कस्बे के एक युवक द्वारा कथित रूप से उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया। आरोप है कि जाते समय युवती घर में रखी लगभग एक लाख रुपये की नकदी तथा करीब दस लाख रुपये मूल्य के जेवरात यानी सोने की आभूषण भी साथ ले गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिवार का कहना है कि आरोपी पक्ष के कुछ लोगों को भी घटना की जानकारी होने की आशंका है। युवती के अचानक लापता हो जाने से परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। ऐसे में पीड़ित परिवार ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी नवनीत नागर ने बताया कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। क्षेत्र में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में दरछुट पोस्ट ऑफिस के एबीपीएम घायल, हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में दरछुट पोस्ट ऑफिस में एबीपीएम के पद पर कार्यरत सौम्य श्रीवास्तव घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेते हुए घायल को अस्पताल भेजवाया जहां उनका इलाज चल रहा है। अंतू थाना इलाके के उमरी गांव निवासी सौम्य श्रीवास्तव मंगरौरा ब्लाक अंतर्गत दरछुट पोस्ट ऑफिस में एबीपीएम के पद पर कार्यरत थे। शनिवार को वह पोस्ट ऑफिस से काम खत्म करने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही कोहड़ौर थाना इलाके के अतरसण्ड गौरा नहर के समीप पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वो बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना के बाद चौकी प्रभारी मदाफरपुर विजय त्रिवेदी भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस के जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर भेजवाया। जहां पर हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मौके पर घटना की जांच करते हुए बाइक व अर्टिगा कार को अपने कब्जे में लेते हुए थाने ले गई।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रू बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किये सौ से अधिक मॉडल

**जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़**



जिले के नगर पंचायत डेरवा में स्थित लॉजिकल एस. एन. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सौ से अधिक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ बाघराय के स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र निरीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने छात्रों द्वारा प्रदर्शित वैज्ञानिक मॉडलों का निरीक्षण किया। डाक्टरों की टीम ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का है और ऐसी प्रदर्शनियां वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता तथा नवाचारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डाक्टरों की टीम ने छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को नई खोज करने और निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिव सागर शुक्ला ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और विद्यालय की भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने प्रोजेक्टर, वेंडिंग मशीन, वाटर साइकिल, वाटर फिल्टर, एस्केलेटर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, शहर और गांव के बीच अंतर, बैलेंस डाइट, पौधों के भाग, वैक्यूम क्लीनर समेत विभिन्न स्टालों पर सौ से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए। लायंस क्लब के अध्यक्ष संतोष पांडेय, डॉ. वाई एन गुप्ता, डॉ. राम पांडेय, डॉ. शिवानी शुक्ला, डॉ. उमाकांत ओझा समेत उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जौनपुर में वृहद रोजगार मेला: 60 कंपनियां पहुंचीं, युवाओं को मौके पर मिले नियुक्ति पत्र

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर शासन के निर्देश पर युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शनिवार को राजकीय आईटीआई सिद्धिकपुर परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव और एमएलसी बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। मेले में टाटा, हिंदालको समेत करीब 60 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। स्किल, नॉन-स्किल व विभिन्न डिग्रीधारक युवाओं के लिए साक्षात्कार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शी प्रक्रिया से युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना और मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अभ्युदय कोचिंग और अन्य योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। राजीव कुमार, शैफ, मंजीत कुमार, लैश कुमार, वैभव यादव, आकाश, मनीष, प्रिया यादव, काजल यादव, रत्नेश कुमार और विपिन सिंह को सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। एमएलसी बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनपद विकास के पथ पर अग्रसर है और युवाओं को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने बताया कि सेवायोजन विभाग के माध्यम से पारदर्शी ढंग से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के तहत ब्याजमुक्त ऋण लेकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। मेले में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0गोरखनाथ पटेल सहित कई अधिकारी मौजूद।

# छात्र को दबंगों ने पीटा, हालत गंभीर दलित उत्पीड़न एक्ट में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर खुटहन थाना क्षेत्र के गभीरन बाजार में हाई स्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को दबंगों ने बेरहमी से पीटा। पुलिस ने दलित उत्पीड़न एक्ट के साथ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र मोमिनपुर मुडैला गांव निवासी अशोक कुमार सोनकर का 16 वर्षी पुत्र सौरभ कुमार सोनकर शुक्रवार दोपहर लगभग 1:00 बजे अपने एक साथी के साथ हाई स्कूल की परीक्षा देकर बाइक से घर वापस लौट रहा था। जब वह गभीरन बाजार के पास से गुजर रहा था कि इस समय सात आठ की संख्या में दबंगों ने उसे घेर लिया। दबंगों ने घेर कर सरेआम लात मुक्का डंडे से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। जब दबंग मार कर चले गए तब स्थानीय लोगों ने युवक को उठाया और उसके परिजनों को सूचना दिया। बेरहमी से पीटे गया लड़का जो अचेत पड़ा हुआ था परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। शनिवार सुबह परिवार के लोग उसे लेकर खुटहन थाने पर जाकर हमलावरों के खिलाफ लिखित तहरीर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी तरफ घायल की बिगड़ती हालत देखकर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक ने बेहतर उपचार के लिए वाराणसी बीएचयू के लिए रेफर कर दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### रसूख का ऐसा नशा कि कानून की भी परवाह नहीं करते हैं एआरटीओ कार्यालय में तैनात रजिस्ट्रेशन बाबू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर एआरटीओ कार्यालय के बाबू गणेश दत्त मिश्रा की दबंगई कैमरे में कैद। खबर कवर करने गए पत्रकार की बाइक को अपनी वीआईपी नंबर वाली टाटा पंच से मारी टक्कर और मानवता को ताक पर रखकर मौके से फरार हो गए। सवाल तो ये भी है: जिले के बड़े अधिकारियों की गाड़ियों पर 4 अंकों का नंबर होता है, तो इस बाबू की गाड़ी पर महज़ 2 अंकों वाला नंबर (20) कैसे? क्या ये रसूख का प्रदर्शन है या फिर नंबर प्लेट के साथ कोई बड़ा खेल? वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। क्या प्रशासन ऐसे 'दबंग' कर्मचारियों पर कार्रवाई करेगा।




### पांच आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन इमामपुर गांव के जिला मुख्यालय मार्ग पर हाईस्कूल की परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार छात्र को रोक कर लात घूंसो से पिटाई किए जाने के मामले में पुलिस ने घायल के पिता की नामजद तहरीर पर पांच आरोपितों के खिलाफ दलित उत्पीड़न,जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के मोमिना पुर गांव निवासी सौरभ सोनकर गत शुक्रवार को हाईस्कूल की परीक्षा देने रानीपुर गांव स्थित इंटर कालेज में आया था। परीक्षा के बाद वह बाइक से वापस घर जा रहा था। उक्त स्थल पर पहले से घात लगाए बैठे सराय ख्वाजा क्षेत्र के मखलेपुर गांव निवासी सर्वसेन,जपटापुर गांव के आदिल मोहम्मद और युसुफ तथा बड़उर गांव के चंदन और सत्यम बिंद उसे रोक कर लात घूंसो से पीटकर घायल कर दिए। घायल के पिता अशोक सोनकर के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### समाजसेविका की पुण्यतिथि आज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन समाजसेविका कालावती देवी की 13 वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव में मनाई जायेगी। निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर और जरूरतमंदों में वस्त्र वितरित किया जायेगा। यह जानकारी उनके सुपुत्र बृजेश यादव ने दिया है।

### प्रबंध समिति के अध्यक्ष का निधन, शोकसभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर सुईथाकलां शिक्षा क्षेत्र के शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहांगीर पट्टी प्रबंध समिति के अध्यक्ष बैजनाथ तिवारी का अस्वस्थ होने के चलते शुक्रवार को निधन हो गया।इस बाबत जानकारी होते ही परिजनों व शुभचिंतकों समेत विद्यालयी परिवार शोकाकुल हो गया।सभी ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। क्षेत्र का चिलबिली (हसनपुर)गांव निवासी पंचानबे वर्षीय श्री तिवारी काफी लम्बे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इस बाबत जानकारी होते ही शनिवार को प्रबंधक वंश गोपाल त्रिपाठी के निर्देशन में प्रधानाध्यापक महेश दूबे की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में अपने सम्बोधन के दौरान प्रधानाध्यापक महेश दूबे ने श्री तिवारी को कर्मठी और मृदुभाषी बताया।तत्पश्चात मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया।इस दौरान शिक्षक हरिप्रकाश शुक्ल, दिनेश चन्द्र चतुर्वेदी, राजेश चौबे व परिचारक राम सजीवन मौर्य समेत विद्यालय की छात्र छात्राएं और रसोईएं मौजूद रहीं।



# पंचायत चुनाव 2026: उत्कृष्ट कार्य पर 8 बीएलओ सम्मानित, 10 हजार तक की प्रोत्साहन राशि

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2026 के तहत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को शनिवार को सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने बीएलओ एप के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाले आठ कार्मिकों को प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र, डायरी और पेन प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय चुनाव संपन्न कराने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनकी मेहनत और सतर्कता से निर्वाचन प्रक्रिया सुदृढ़ होती है। उन्होंने सभी सम्मानित कार्मिकों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ दायित्व निभाने की अपेक्षा जताई। उत्कृष्ट कार्य के आधार पर रविश मौर्या को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर 10,000 रुपये, विजय कुमार यादव को द्वितीय स्थान पर 8,000 रुपये तथा विमलेश कुमार विश्वकर्मा को तृतीय स्थान पर 6,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। सांत्वना पुरस्कार के रूप में शैलेन्द्र कुमार भास्कर, रामबहादुर यादव, सत्यव्रत सिंह, गौरव कुमार वास्तव और रामबचन यादव को 3,000-3,000 रुपये उनके खातों में हस्तांतरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि सभी चयनित बीएलओ ने पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानन्द झा और सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दबंगों के हौसले बुलंद: जमीन विवाद में महिला पर चाकू से हमला, मोबाइल भी तोड़ा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जनपद में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब पुलिस की मौजूदगी के बाद भी अपराध करने से नहीं हिचक रहे हैं। ताजा मामला जौनपुर का है, जहाँ जमीन के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दबंगों ने न केवल एक महिला के साथ मारपीट की, बल्कि उस पर सब्जी काटने वाले चाकू से जानलेवा हमला भी किया।

### क्या है पूरा मामला?

पीड़िता साक्षी जायसवाल के अनुसार, मामला जमीन पर अवैध कब्जे से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि राजदेव यादव, रोहित यादव और राहुल यादव जबरन उनकी जमीन की दीवार पर कब्जा कर निर्माण कार्य करवा रहे थे। साक्षी ने इसकी शिकायत पुलिस सहायता नंबर 112 पर की। पुलिस मौके पर पहुँची और काम रुकवा दिया।

**पुलिस के जाते ही हुआ हमला**

पीड़िता का आरोप है कि जैसे ही पुलिस मौके से रवाना हुई, आरोपियों ने फिर से काम शुरू कर दिया। जब साक्षी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों और उनकी पत्नियों ने मिलकर उन पर हमला कर दिया। साक्षी के मुताबिक, रोहित यादव की पत्नी ने उन पर सब्जी काटने वाले चाकू से हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। साथ ही राजदेव और रोहित ने उनके पेट पर घूंसों से प्रहार किया।

**सबूत मिटाने के लिए तोड़ा मोबाइल**

साक्षी ने बताया कि जब वह घटना का वीडियो बनाने लगीं, तो दबंगों ने उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया ताकि कोई साक्ष्य न रहे। इसके बाद पीड़िता ने अपनी माँ के फोन से 1090 (महिला हेल्पलाइन) पर संपर्क किया और थाने पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई। यह घटना आज दोपहर की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# होली पर पुलिस अलर्ट: आलमगंज बाजार में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न




**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर बरसठी आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में बरसठी थाना क्षेत्र के आलमगंज बाजार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी जय प्रकाश यादव व चौकी प्रभारी निरीक्षक अम्बरीष सिंह की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न ग्राम प्रधान, व्यापारी, संभ्रांत नागरिक एवं क्षेत्रीय लोगों की रही सहभागिता त्योहार भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील अफवाह, हुड़दंग या विवाद की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश अराजक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी बाजार क्षेत्र में नियमित गश्त और विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू पुलिस प्रशासन का स्पष्ट संदेश:होली के दौरान शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# जौनपुर पुलिस लाइन में भावुक विदाई

## 7 पुलिसकर्मी सम्मानित, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर दी गई शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर में शनिवार को पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में भावुक माहौल के बीच सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने वाले 07 पुलिसकर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिनांक 28 फरवरी 2026 को अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और लगन से कार्य करते हुए 04 उपनिरीक्षक, 01 फायर सर्विस चालक तथा 02 मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस सेवानिवृत्त हुए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सभी का सम्मान किया। सेवानिवृत्त होने वालों में उपनिरीक्षक शिव शंकर सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बृज बिहारी यादव, रणजीत कुमार, फायर सर्विस चालक कैलाश यादव, मुख्य आरक्षी रमाशंकर राम तथा देवानारायण पाल शामिल रहे।अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का दायित्व है। सेवानिवृत्त कर्मियों का अनुभव सदैव विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का समापन सम्मान और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद दर्ज हुआ मुकदमा, जफराबाद पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जफराबाद थाना क्षेत्र में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्र खोदने को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने पहले एकतरफा कार्रवाई की, लेकिन मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने और मीडिया में सुर्खियां बनने के बाद तीसरे दिन दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज करना पड़ा। मामला मखदूमपुर गांव स्थित कब्रिस्तान का है। 25 फरवरी की शाम लगभग 5 बजे कब्र खोदने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। शेखवाड़ा मोहल्ला निवासी शाह शब्बीर हुसैन उर्फ बबलू का आरोप है कि मौके पर मौजूद डॉक्टर सरफराज खान और उनके समर्थकों ने जेसीबी से कब्र खोदने की बात कही। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि थाने में तहरीर देने के बावजूद उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उल्टा दूसरे पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने बबलू, उनके भतीजे व अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर दी। एक पक्षीय कार्रवाई से नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुहार लगाई। सभासद शाह नेयाज़ अहमद ने मीडिया के समक्ष पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, जिसके बाद मामला चर्चा में आ गया। बताया जाता है कि उच्चाधिकारियों के संज्ञान में प्रकरण आने के बाद शुक्रवार को पुलिस ने डॉक्टर सरफराज खान व दो अन्य के खिलाफ भी बीएनएस की तीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला ने दूरभाष पर बताया कि मुकदमा उनके आदेश पर ही दर्ज किया गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में पुलिस की भूमिका पर चर्चाएं तेज हैं।

# गाइड लाइन के अनुसार प्राथमिकता के स्तर पर करायें जायेंगे विकास कार्य: नेहा वर्मा

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



शनिवार को नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में अध्यक्ष नेहा वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एक सौ पाँच करोड तेईस लाख ग्यारह हजार आठ सौ बासठ रूपये का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मत से पारित किया गया। अध्यक्ष नेहा वर्मा कहा कि जो प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में आये हैं, जन अपेक्षा और सभासदों की मंशा के अनुसार महापुरूषों की प्रतिमाओं, पार्क का निर्माण चरणबद्ध ढंग से पूरा कराया जायेगा। अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने वित्तीय वर्ष 2026-2027 का बजट सदन के समक्ष प्रस्तुत किया । वित्तीय वर्ष में निजी श्रोतों से तथा शासकीय अनुदान के माध्यम से कुल आय एक सौ पाँच करोड तेईस लाख ग्यारह हजार आठ सौ बासठ रूपया मात्र तथा व्यय एक सौ पाच करोड सत्रह लाख सतहत्तर हजार रूपया मात्र प्राविधानित है। जिसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-2027 के अन्त में पाँच लाख चौतीस हजार आठ सौ बासठ रूपया मात्र बचत होना प्रस्तावित है। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए तैयार किया गया सन्तुलित बजट पालिका सदन के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया जिसे सदन के सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सदन में विकास कार्यो सडक, नाली, कासिंग पत्थर आदि पर प्राप्त सभी वार्डो के प्रस्तावों को ध्वनिमत से स्वीकृत किया गया। सभासद जगदीप श्रीवास्तव के सुझाव पर कर संबंधी आपत्तियों का निराकरण किये जाने पर गम्भीरता से विचार किया गया इस कम में अधिशासी अधिकारी द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि 20 वर्ष से अधिक पुराने भवन पर 40 प्रतिशत की छूट दिये जाने व आन लाइन/चेक के माध्यम से जमा धनराशि की पोस्टिंग अपडेट कराये जाने की जानकारी दी गयी। सदन के समक्ष नगरीय पेयजल व्यवस्था को सुदृढ किये जाने, वार्डो की गलियों में लगे खराब पडे पथ प्रकाश बिन्दुओं को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कराये जाने तथा नया एल0ई0डी0 सेट लगाये जाने, मोहल्ला गडगोडिया में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया। पालिका की आय बढ़ाने के उददेश्य सदन के समक्ष शास्त्री चौक की पार्किगं बनाये जाने पर विचार, नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन तथा यूजर चार्ज (प्रयोगता प्रभार) उपविधि की स्वीकृति प्रदान किया गया। सभासद श्रीमती मंजू श्रीवास्तव द्वारा विवेकानन्द कालोनी रौतापार में सरकारी तालाब का सौन्दर्यीकरण करवाते हुए बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क बनाये जाने का प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत किया गया पर चाही गयी जानकारी के कम में अधिशासी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिस भूमि पर पार्क बनाया जाना है वह पालिका स्वामित्व की नहीं है इसके लिए राजस्व विभाग से पत्राचार किया जा रहा है।

बैठक में सभासद अमरावती देवी, राजन ठाकुर, रोली, इन्द्रावती देवी, विद्यावती देवी, ममता, रवीन्द्र कुमार, मोहम्मद इदरीस, मुहम्मद अयूब, दिनेश गुप्ता, निर्मला देवी, श्रीमती मन्जू श्रीवास्तव, पंकज कुमार चौधरी, बैजन्ती सिंह, कृष्ण कुमार पाण्डेय, सर्वेश यादव, जगदीप श्रीवास्वत, श्रीमती रूकईया खातून, प्रफुल्ल, परमेश्वर शुक्ला,, रमेश कुमार के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी उदयभान, लिपिक राजीव शंकर श्रीवास्तव, प्रभारी लेखाकार गणेश कुमार सिह, अमित शुक्ला प्रकाश निरीक्षक, अर्चना जलकल अभियन्ता, अवर अभियन्ता (सिविल), अवधेश कुमार सफाई निरीक्षक, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# वार्षिकोत्सव में मंच पर निखरी ग्रामीण प्रतिभाएं

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

विकास क्षेत्र बहादुरपुर के भेड़वा में स्थित यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में शुक्रवार की शाम प्रबधंक आनन्द दूबे के अध्यक्षता में विद्यालय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकिशोर सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दूबे, प्रमोद पांडेय, गोपाल कृष्ण सिंह, ब्रह्मदेव यादव देवा, प्रदीप पाण्डेय, राजेश पटेल, अशरफ अहमद, विजय दूबे ने सामूहिक रुप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देर रात तक चल रहे कार्यक्रम में शमा बांधे रखा। मुख्यातिथि पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा का बौद्धिक विकास होता है, ग्रामीण बच्चों को ऐसे मौके मिल नहीं पाते। विद्यालय के प्रयास से इस क्षेत्र के ग्रामीण बच्चों में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है, वह बता रही है की विद्यालय पूरी निष्ठा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास में लगा हुआ है। कहा कि वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रबंधक आनन्द दूबे के नेतृत्व में विद्यालय एक बेहतर मुकाम पर पहुंच रहा है। विशिष्ट अतिथि अनिल दूबे ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से ही बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है, मंच पर बच्चे जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं वह इस विद्यालय परिवार की मेहनत लगन को स्पष्ट दर्शा रहा है। विद्यालय के छात्र-छात्राओ ने सरस्वती वंदना, अभिनंदन गीत, देवी गीत, बालगीत, होली गीत, ईद मुबारक, कव्वाली, कजरी गीत, विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य, अभिनय गीत, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव, वृद्ध आश्रम, रानी लक्ष्मी बाई, बसंत गीत, किसानी गीत, बच्चों ने प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी।

# विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन भवन के चर्च बनने की चर्चा पर विहिप ने जताया विरोध, दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

**भवन निर्माण का उद्देश्य क्या है, आदि विषयों पर जांच कराई जा रही है: एसडीएम सत्येन्द्र सिंह**

हरैया उपनगर स्थित गांधीनगर वार्ड में स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माणाधीन भवन को चर्च का निर्माण होने की बात को लेकर आक्रोशित विहिप नेताओं ने मौके पर पंहुच कर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद एसडीएम सत्येन्द्र सिंह को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन विहिप के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, व विहिप नेता प्रवीण सिंह, विवेक सिंह, अजय कनौजिया, दीपांशु सिंह ने सौंप कर विद्यालय प्रबंधन द्वारा भवन निर्माण का उद्देश्य शपथ पत्र के माध्यम से देने की मांग की। साथ ही विद्यालय परिसर से सटे कालोनी से हिंदुओं के मनाही के बाद जबरन स्कूल बस विद्यालय के पारंपरिक रास्ते से हट निकालने पर भी तत्काल विराम लगाने की मांग रखी। जिसके बाद शनिवार को एसडीएम सत्येन्द्र सिंह, सीओ स्वर्णिमा सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना हरैया तहसीलदार सिंह, नायब तहसीलदार शालिनी पटेल के साथ निर्माणाधीन भवन की पड़ताल कर आवश्यक जानकारी ली। एसडीएम सत्येन्द्र सिंह ने बताया की भवन निर्माण नगर पंचायत द्वारा स्वीकृत प्रारूप के अनुसार हो रहा है या नही। और भवन निर्माण का उद्देश्य क्या है, आदि विषयों पर जांच कराई जा रही है। इस दौरान एक भवन निर्माण के प्रारूप की नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्वीकृत का प्रमाणपत्र विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिखाकर चर्च निर्माण न करने की लिखित जानकारी दी गई है। इधर विहिप जिलाध्यक्ष मनोज सिंह व प्रवीण सिंह ने कहा की भवन को बहु उद्देशीय भवन बनाने की जानकारी दी जा रही है। विद्यालय प्रबंधन जब तक यह आश्वस्त नही करता की उक्त भवन में कोई इशाई धर्म से संबंधित गतिविधि व कोई धार्मिक चिन्ह नही लगाया जाएगा व हिंदू कालोनी से घरेलू वाहन छोड़कर कालोनी वासी बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रख बसों का संचालन हटाने का लिखित आश्वासन नही दिया जाता है, विरोध जारी रहेगा।

# गेहूं के खेत में मिला महिला का अर्धनग्न शव

■ पुत्र बोला, मां को घर से उठाकर ले गए थे आरोपी

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**पांच दिन बाद घर से तीन सौ मीटर दूर खेत में मिला शव**

मृतका के भतीजे ने बताया कि चाची की तलाश की जा रही थी। इधर आरोपी गांव के ही गेहूं के खेत में बार-बार आ जा रहे थे। शंका होने घर के अन्य लोगों को इस बात की जानकारी दी गई तो सभी एक साथ खेत पर पहुंचे जहां पर गेहूं की फसल के बीचोंबीच महिला का शव पड़ा देखा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि महिला की गुमशुदगी 26 फरवरी को दर्ज की गई थी। इसका शव गेहूं के खेत में मिला है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को गांव के ही कुछ लोग घर से जबरन मुंह दबाकर उठा ले गए।घटना 23 फरवरी की रात की है।परिजन महिला की तलाश कर रहे थे। उसका शव शनिवार को गेहूं के खेत से बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि फरधान पुलिस से कई बार शिकायत की लेकिन पुलिस ने मामले को दबाए रखा। मृतका के बेटे ने मां को खींच ले जाने की पुष्टि भी की है।मक्के के खेत से मिला महिला का शव, ससुराल पक्ष के लोग फरार, जांच में जुटी पुलिस गांव निवासी महिला का शव शनिवार सुबह गेहूं के खेत में पड़ा देख सनसनी फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार शव अर्धनग्न अवस्था में मिला। शव देखकर परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या आरोप लगाया है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतका के पुत्र ने बताया कि उसके चचेरे भाई की शादी 25 फरवरी को थी। इसके लिए उसकी मां 23 फरवरी की रात वहां गाने बजाने गई थी। वहां से वह रात दस बजे घर के लिए निकली। आरोप है कि देर रात गांव के ही चार लोग आए और जबरन उसकी मां का मुंह दबाकर उसे अपने साथ ले गए। पुत्र ने सभी आरोपियों की पहचान करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। आरोप है कि पुलिस इस मामले में लापरवाही बरतती रही। अगर पुलिस गंभीर होती तो बच जाती महिला की जान पोस्टमॉर्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पुत्र ने बताया कि फरधान थाना पुलिस ने जब कोई कार्रवाई नहीं की तो एसपी से भी मिलकर कार्रवाई करने और सकुशल मां की बरामदगी की गुहार लगाई। एसपी ने एसओ को निर्देश जारी करते हुए मामले को गंभीरता से लेने की बात कही थी लेकिन इसके बाद भी एसओ ने मामले में लापरवाही बरती। पुलिस महज गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले को ठंडेबस्ते में डाल दिया।मृतका के भतीजे ने बताया कि गांव के ही राजेश कुमार, सूरज कुमार, शिवरतन और दुर्वेश से उसकी पुरानी रंजिश है। लड़की को भगा ले जाने के आरोप में दो लोग जेल में है, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच रंजिश चल रही थी। आरोप है कि उसी रंजिश में उसकी चाची की हत्या कर दी गई है।

# राष्ट्रीय-लोकदल के जिला कार्यालय लखीमपुर-खीरी का किया उद्घाटन

■ अनुपम मिश्रा बोले, संगठन में हर समाज के व्यक्ति को संगठन में दें स्थान

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी




जनपद लखीमपुर-खीरी मुख्यालय के सेठ घाट चौराहे पर स्थित कैलास सदन में राष्ट्रीय लोक दल प्रार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी झारखंड नगरीय निकाय अनुपम मिश्रा ने राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय लखीमपुर-खीरी का भव्य उद्घाटन किया।अनुपम मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह के विचारों पर चलने वाली पार्टी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया है। पहले भी सरकार रही, लेकिन चौधरी चरण सिंह को यह सम्मान किसी भी सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने पार्टी को और मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि हर समाज के व्यक्ति को संगठन में स्थान दें।चौधरी चरण सिंह चाहते थे कि समाज के वंचित लोगों को न्याय मिले। पार्टी लगातार उन्हीं विचारों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी से हमारी पार्टी का गठबंधन है। जयंत चौधरी जब विपक्ष में थे। तब भी वह गरीबों, वंचितों और नौजवानों की आवाज उठाते थे। आज सत्ता में होने पर भी वह यही काम कर रहे हैं। प्रदेश और केंद्र सरकार की उपलब्धियां का भी अनुभव मिश्रा ने बखान किया। उन्होंने कहा के आज हम एक विकासशील देश में रह रहे हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश को विकसित देश बनाना चाहते हैं। वह निरंतर इस दिशा में काम कर रहे हैं। इस मौके पर पार्टी के लखीमपुर खीरी जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद द्विवेदी,कर्मठ सदस्य विजय श्रीवास्तव, लखीमपुर के प्रतिष्ठित व्यापारी राजीव अग्रवाल, तराई क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पी के पाठक आदि समेत राष्ट्रीय लोकदल के काफी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सदर तहसील का एडीएम ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शनिवार को प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने 28 फरवरी 2026 को सदर तहसील परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुबह करीब 10 बजे तहसील पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने रिकॉर्ड रूम, तहसीलदार न्यायालय, नायब तहसीलदार न्यायालय, राजस्व निरीक्षक कार्यालय और मतदाता पंजीकरण केंद्र 142 का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को अभिलेखों के उचित रखरखाव, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। एडीएम ने तहसील परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की सुरक्षा और फरियादियों को समय पर न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के समय सदर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एडीएम को विभागीय कार्यों की जानकारी दी और आवश्यक अभिलेख भी प्रस्तुत किए। यह निरीक्षण करीब डेढ़ घंटे तक चला और लगभग 11:30 बजे समाप्त हुआ।



### हैदराबाद पुलिस ने शान्तिभंग मे दो लोगो को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 28.02.2026 को शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 02 अभियुक्तो 1.अजीत कुमार पुत्र बहादुर लाल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर थाना मैलानी जिला खीरी 2. कमलेश कुमार पुत्र संजय उर्फ बबलू निवासी ग्राम हेमपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस में विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय गोला के समक्ष भेजा गया। वही गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे मुख्य रूप से एस एस आई सन्तपाल सिंह राठौर, उप निरीक्षक हेमन्त कटियार, आरक्षी विपिन कुमार संजीव कुमार थाना हैदराबाद प्रमुख रूप से सामिल रहे।



### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज। शहीद चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज रसूलपुर सोहरामऊ उन्नाव में 27 फरवरी को संपन्न चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस समारोह के दूसरे चरण में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके संयोजक वरिष्ठ कवि विद्याधर दीक्षित 'अधरेश उन्नावी' रहे। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि मोहान से विधायक बृजेश रावत एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवाबगंज रवि प्रताप सिंह रहे।कवि सम्मेलन में डॉ गोविंद गजब रायबरेली, डॉ मीनाक्षी गंगवार लखनऊ, निर्भय निश्चल अयोध्या, सत्यनारायण त्रिपाठी शशि उन्नाव, गौरव गौरवान्वित लखनऊ, रवीश पांडे सीतापुर , देवकीनंदन यादव नंदन उन्नाव, सरवर पुरवा उन्नाव, प्रतिमा गुप्ता लखनऊ, बंदना विशेष लखनऊ, सतीश पाखंडी लखनऊ, बलराम सिंह निर्बल उन्नाव, आशुतोष तिवारी आशु प्रतापगढ़ आदित्य रचनाकारों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं में काव्य रस की गंगा बहाने का कार्य किया। विद्यालय प्रबंधतंत्र ने आए हुए कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



### डीएसएन कॉलेज के छात्रों की एक दिवसीय फील्ड कार्यशाला की गई आयोजित

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव। नवाबगंज स्थित चंद्रशेखर आजाद पक्षी अभयारण्य में डीएसएन कॉलेज के छात्रों की एक दिवसीय फील्ड कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रवासी पक्षियों की गणना की वैज्ञानिक तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों को पॉइंट काउंट व लाइन ट्रांसेक्ट विधि का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चले कार्यक्रम में 30 छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन और आर्द्रभूमि क्षरण पर जानकारी दी। छात्रों ने दूरबीन व जीपीएस की सहायता से वास्तविक डेटा एकत्र किया और पर्पल हेरान व रेड पोचार्ड जैसे पक्षियों का अवलोकन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल साहू ने बताया कि छात्र भविष्य में संरक्षण सर्वेक्षणों में योगदान दे सकेंगे। इस दौरान रेंजर विवेक सिंह, डिप्टी रेंजर अमन वर्मा समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। वन विभाग ने ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

### सुप्रसिद्ध आशा देवी मंदिर में माता का हुआ भव्य जागरण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कल्याणपुर क्षेत्र के आवास विकास सत्यम बिहार में प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा माता रानी का विशाल जागरण मां आशा देवी जागरण पार्टी कल्याणपुर के द्वारा सुंदर भजनों के साथ बारी-बारी से सभी कलाकारों ने झांकी प्रस्तुत की। हजारों श्रद्धालु माता रानी के भजनों में थिरकते नजर आए हैं वहीं एक-एक करके गायक कलाकारों ने अपने भक्तों का सुंदर भजनों के द्वारा मनमोहन लिया जागरण पार्टी के गायको ने मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी चलो बुलावा आया है ,माता ने बुलाया है, शेर पर सवार होकर आई मां शेरावाली ,आदि भजन गाकर लोगों को मुक्त मुंद् कर दिया। भजनों के बीच में भगवान गणेश मां दुर्गा काली मां राधा कृष्ण जय वीर हनुमान शंकर पार्वती आदि की मनमोहक झांकियां रही हैं सुबह माता रानी की कथा हुई उसके बाद माता रानी का पूजन कर आकांक्षा कुशवाहा ने अपने परिवार सहित कन्याओं को भोग लगाया आरती के बाद प्रसाद वितरित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रामसनेही कुशवाहा के द्वारा किया गया इस मौके पर आकांक्षा कुशवाहा आस्था कुशवाहा पीयूष कुशवाहा अर्पित कुशवाहा, रामकुमार,शुभम चौधरी आदि लोग मौजूद रहे हैं।

### कानपुर में सहकार भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक शुरू

जन एक्सप्रेस। बिठूर। सहकार भारती की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ शनिवार को रॉयल आनंद रिसॉर्ट टिकरा में हुआ। उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय जोशी राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया संघ प्रचारक भवानी भीख प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह व प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने भारत माता एवं लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय जोशी ने कहा कि संगठन दो वर्ष बाद रजत जयंती वर्ष मनाएगा। उन्होंने बिना संस्कार नहीं सहकार के मूल मंत्र को दोहराते हुए सहकारिता को दलगत राजनीति और परिवारवाद से ऊपर रखने पर जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया ने वैश्विक असमानता पर चिंता जताते हुए कहा कि सहकारिता समाज को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है।संघ प्रचारक भवानी भीख ने मातृशक्ति की भागीदारी को सकारात्मक संकेत बताया और संगठनात्मक एकता व सामाजिक समरसता पर बल दिया।प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने प्रदेश में बैठक आयोजन को गौरवपूर्ण बताया। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष डीपी पाठक ने आभार व्यक्त किया। देशभर से आए कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।

# खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब: फूलों और गुलाल की होली के बीच गूंजे श्याम के जयकारे

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



छोटी काशी के समीपवर्ती कंजादेव स्थित खाटू श्याम मंदिर में रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर भक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य संकीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली, जिससे पूरा मंदिर परिसर 'श्याममयी' हो गया। भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालु कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपनी सुरीली आवाज से समां बांध दिया।

'मुझे रास आ गया तेरे दर पे सर झुकना '

'रंग बरसे भीगे जटाधारी' * 'होली खेले रघुवीरा अवध मा '

जैसे भजनों पर भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमने और नाचने लगे। पूरा प्रांगण श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान रहा। आमलकी एकादशी का महत्व और पौराणिक कथा ?मंदिर के पुजारी श्री संतोष पाठक ने भक्तों को रंगभरी एकादशी का महत्व बताते हुए राजा विदूरथ और शिकारी की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि अनजाने में भी इस एकादशी का व्रत व जागरण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा बनी रहती है।

फूलों की होली और भव्य आरती संकीर्तन के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन बाबा की भव्य आरती और छप्पन भोग के प्रसाद वितरण के साथ हुआ। भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सफल आयोजन बनाने में श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, प्रमोद सोनी, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता,मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता,आशुतोष रस्तोगी, संतोष गुप्ता,मोहित गुप्ता,मयंक माहेश्वरी, सुमित राठौर सहित समस्त सेवादारों का अथक प्रयास सराहनीय रहा।

# सच जीता झूठ हारा, आप नेताओं के आरोप मुक्त होने पर मनाया जश्न




■ एक बार पुनः दिल्ली की जनता को उसका चहेता नेता अब दुगुने उत्साह के साथ मिला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी

शनिवार को लखीमपुर खीरी में आम आदमी पार्टी की प्रेस वार्ता पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई, इस प्रेस वार्ता का आयोजन पार्टी के अयोध्या प्रान्त उपाध्यक्ष अजय सिंह जी और छात्र विंग (स्क) के प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा के नेतृत्व में किया गया।प्रांत उपाध्यक्ष अजय सिंह जी आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया जी को न्यायालय ने आरोपमुक्त कर दिया और सीबीआई के खिलाफ जांच के आदेश दिए, इसके साथ साथ न्यायपालिका को भी धन्यवाद दिया और दिल्ली की जनता को भी धन्यवाद दिया। छात्र विंग प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने न्यायपालिका को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की कि एक बार पुनः दिल्ली की जनता को उसका चहेता नेता अब दुगुने उत्साह के साथ उनकी सेवा के लिए उपस्थित है और अरुण वर्मा ने ये भी कहा आज भाजपा फिर से चुनाव करा ले जीत आम आदमी पार्टी की होगी दिल्ली का मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी होंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश वर्मा ने कहा कि तानशाह चाहे जितना जोर लगा ले एक नेक व सच्चे सेवक को कोई डरा नहीं सकता।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव कुमार चौहान पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश वर्मा संतोष शुक्ला आलोक अवस्थी,नवीन और कई लोग शामिल हो।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

तहसील क्षेत्र के गांव गदमापुर में शुक्रवार को दोपहर में खेत पर लगे पेड़ से युवक लटकते हुए पाया गया था परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव पेड़ से नीचे उतरने को लेकर मना कर दिया था पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर डेरा डाल दिया देर रात 8 बजे परिजनों ने केस दर्ज करने की बात पर सहमत जताई जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा था मामले में शनिवार को रात 1:30 बजे करीब पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया मोर्चरी से शव वापस आते समय पुलिस ने शुक्रवार की घटना को लेकर सबक लेते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस वल तैनात कर गांव छावनी में बदल दिया है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया एक झलक पाने को लेकर भीड़ का तांता लग गया एसडीएम चालुवराजू आर सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक उमेश चौरसिया मृतक के अंतिम संस्कार को सकुशल संपन्न करने के लिए डेरा डाल दिया है। इस मौके पर सपा नेता क्रांति कुमार सिंह, सपा नेता कार्तिक तिवारी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।मृतक के पिता की शिकायत पर दर्ज हुआ केस छोटे सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया उसके पुत्र विनीत ने अपने ऊपर फर्जी मुकदमा और आरोपियों द्वारा उत्पीड़न करने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या कर लेने की संभावना जताने पर पुलिस ने विपक्षी अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज किया है वही तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट कर पैसा छीन लेने के मामले में पहले से केस दर्ज था। परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़ मृतक की पत्नी सीमा दहाड़ मार मार कर कह रही थी पुलिस की संवेदन हीनता के चलते उसका पति नहीं रहा समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई हुई होती तो आज उसका सुहाग नहीं उजडता वहीं उसके बच्चे हर्षित और अर्पित अपने पिता के शव पर चिपट कर रोते हुए होली पर नए कपड़े दिलाने की बात कहने पर किसी के आंसू थम नहीं रहे थे।

# डीएम व एसपी खीरी की अध्यक्षता में थाना खीरी पर 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी



शनिवार को जिलाधिकारी खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक खीरी, डाक्टर ख्याति गर्ग द्वारा थाना खीरी पर आयोजित 'थाना समाधान दिवस' में पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत समयबद्ध निष्पक्षता पूर्वक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानो पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में समाज कल्याण मंत्री ने सराहा बच्चों का हुनर

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



अरौल स्थित डॉ. सोने लाल पटेल एजूकेशन सेंटर में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण रहे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय वास्तव में संस्थापक डॉ. सोने लाल पटेल के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और नवाचार की भावना ही विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता दिलाती है।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ. सोने लाल पटेल एवं महात्मा गांधी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीपा निगम एवं स्कूल समन्वयक अमन पटेल ने पुष्पगुच्छ तथा भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात मंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए शैक्षिक प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की प्रशंसा की।कार्यक्रम में प्रांशु, नीति, आफरीन, छवि, निशा, तृषा, दिव्या, आशीष, प्रतीक सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही सर्वेश कटियार, नंदलाल पाल, रुपेश कटियार, शिवम कटियार, सपा नेता आर.पी. पाठक, पूर्व प्रधान महेंद्र कटियार, दीपक पटेल, धर्मराज सचान सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी समारोह में सहभागिता की। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा।

# आनंदेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य रसपान, श्रद्धालु भाव-विभोर

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील अंतर्गत ग्राम गदनपुर चोरसा स्थित आनंदेश्वर मंदिर के पावन प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का दिव्य प्रवाह श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर रहा है। कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से भागवत आचार्य श्रीकांत त्रिवेदी शशांक जी ने प्रश्नोत्तर शैली में कथा का रसपान कराते हुए भक्ति, जीवन मूल्यों और कर्तव्य के गूढ़ रहस्यों को अत्यंत सरल और सरस शब्दों में प्रस्तुत किया।

आचार्य जी ने कहा कि प्रश्न जिज्ञासा से उत्पन्न होते हैं और उनके उत्तर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य शास्त्र है। श्रद्धा और एकाग्रता से कथा श्रवण करने से प्राणी के समस्त दुखों का नाश होता है और मन में शांति का संचार होता है। उनकी ओजस्वी वाणी से निकला प्रत्येक शब्द श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करता नजर आया।

कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन के साथ कथा का आनंद लेते दिखे।इस पावन अवसर पर कथा आयोजक धीरेन्द्र सिंह (प्रधान, गदनपुर चोरसा), बिल्हौर ग्रामीण प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल अग्निहोत्री, बिल्हौर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजीत सिंह राजावत, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभाकर अवस्थी, आशीष सिंह कल्लू, पत्रकार आर.पी. पाल, भाजपा नेता अविरल शुक्ला सहित अनेक गणमान्यजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।समापन पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कथा के शेष दिनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।

# लखपति दीदी की कामयाबी: मिलेट्स और बुकनू के कारोबार ने बदली तकदीर

## स्वयं सहायता समूह से 12 लाख के टर्नओवर तक का सफर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'लखपति दीदी' अभियान का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखने लगा है। इसका ताजा उदाहरण हैं पप्पी सचान, जिन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी, बल्कि आज वह लाखों का कारोबार कर रही हैं। घाटमपुर ब्लॉक के गोपालपुर गाँव की पप्पी सचान ने वर्ष 2013 में 'मिलन स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर छोटे स्तर पर काम शुरू किया था। शुरुआती दौर में चुनौतियां बहुत थीं, लेकिन सरकारी योजनाओं और समूह के सहयोग से उनकी राह आसान होती गई। समूह के लिए साल 2017 में 50 हजार का लोन मिला, फिर डेढ़ लाख का। साल 2025 में 6 लाख रुपये का लोन मिला। इससे कारोबार बढ़ता गया। समूह की महीने में एक लाख से अधिक की कमाई होती है। पप्पी सचान ने अपने व्यवसाय में पारंपरिक स्वाद और आधुनिक मांग का बेहतरीन तालमेल बिठाया है। वह नमकीन और पारंपरिक बुकनू मसाला के साथ-साथ सरकार की प्राथमिकता वाले 'मिलेट्स' (श्रीअन्न) के आटे की पैकिंग और बिक्री का काम करती हैं। उन्होंने एक छोटी पैकिंग यूनिट भी स्थापित की है।

**बच्चों की शिक्षा में आया बड़ा बदलाव**

आर्थिक मजबूती का सबसे बड़ा असर पप्पी सचान के बच्चों की शिक्षा पर पड़ा है। उनके पति रवीन्द्र सचान इस सफलता में उनके साथ खड़े हैं। पप्पी बताती हैं कि आज उनकी बड़ी बेटी श्रेया देहरादून में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है, बेटा अनुभव बीएससी के साथ आईआईटी की तैयारी में जुटा है और सबसे छोटी बेटी सृष्टि कक्षा 5 में पढ़ रही है।

**आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम**

पप्पी सचान की यह कहानी साबित करती है कि योगी सरकार की नीतियां महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में कारगर साबित हो रही हैं। पप्पी का कहना है कि अगर उन्हें समूह और सरकारी योजनाओं का साथ न मिलता, तो बच्चों को इतनी अच्छी शिक्षा देना संभव नहीं होता। आज वह गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# दिवंगत अजित पवार और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत, 25000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

■ कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की उस रिपोर्ट को मान लिया है, जिसमें महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) में लोन बांटते समय करीब 25,000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में दिवंगत उप मुख्यमंत्री अजित पवार और उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार को क्लीन चिट दी गई थी। कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा है कि मामले में कोई भी सजा लायक अपराध साबित नहीं हुआ है। विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा की दिवंगत उपमुख्यमंत्री की 'सी-समरी' रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इससे अजित पवार समेत उन सभी राजनीतिक नेताओं को राहत मिली, जिसका नाम इस घोटाले में शामिल था। अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा कि कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में कोई दंडनीय अपराध साबित नहीं हुआ है।

### 70 से अधिक अन्य लोगों को क्लीन चिट

मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा 25,000 करोड़ रुपये के महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) मामले में दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिससे महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और इस मामले में 70 से अधिक अन्य लोगों को क्लीन चिट मिल गई।

### कोई आपराधिक अपराध नहीं बनता

अदालत ने कार्यकर्ता अन्ना हजारे और अन्य द्वारा दायर विरोध याचिकाओं के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका को भी खारिज कर दिया। विशेष न्यायाधीश महेश जाधव ने सी-सारांश रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया था कि सहकारी चीनी कारखानों से जुड़े कथित ऋण और वसूली अनियमितताओं में कोई आपराधिक अपराध नहीं बनता है। इस आदेश में ईओडब्ल्यू के इस निष्कर्ष का भी समर्थन किया गया कि अजित पवार, सुनेत्रा पवार, उनके रिश्तेदारों और अन्य संस्थाओं से संबंधित लेन-देन में 'कोई आपराधिक अपराध' नहीं था।

### तीन प्रमुख लेन-देन की जांच

यह मामला 2019 में बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा एमएससीबी और जिला सहकारी बैंकों पर लगे आरोपों के आधार पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश के बाद शुरू हुआ था। इन बैंकों ने चीनी कारखानों को ब्याज मुक्त ऋण जारी किए ताकि बैंक अधिकारियों और राजनेताओं से जुड़े लोगों के पक्ष में ऋण खाते बनाए जा सकें। यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनियों ने बाद में अपनी यूनिट संपत्तियों को बेहद कम कीमतों पर बेच दिया। ईओडब्ल्यू की 35 पन्नों की क्लोजर रिपोर्ट में तीन प्रमुख लेन-देन की जांच की गई और ऋण स्वीकृत करने या सतारा में जरंदेश्वर शुगर सहकारी कारखाना सहित चीनी कारखानों की बिक्री में कोई आपराधिक अनियमितता नहीं पाई गई।

### 1343 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली

आरोप लगाया गया था कि कारखानों को अलाभकारी पाया गया, फिर उन्हें गैर-निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया गया और पवार परिवार के स्वामित्व वाली कंपनियों सहित बैंक अधिकारियों और राजनेताओं के रिश्तेदारों से जुड़ी कंपनियों को बहुत कम कीमतों पर बेच दिया गया। ईओडब्ल्यू ने अब कहा है कि बैंक को कोई नुकसान नहीं हुआ है, और यह भी कहा है कि उसने जांच के दायरे में आए ऋणों से 1343 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर ली है।

# बोलिविया में नोटों से भरा सेना का विमान हाईवे पर क्रैश 20 लोगों की मौत, कई घायल, पैसे लूटने की मची होड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ला पाज**



बोलिविया की राजधानी ला पाज के पास शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एक मालवाहक (कार्गो) विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने दी है।

### रनवे से फिसलकर हाईवे पर पहुंचा विमान

यह हादसा उस समय हुआ जब विमान रनवे से फिसलकर पास के शहर एल आल्टो की एक हाईवे पर जा घुसा। वहां चल रही कई गाड़ियों को उसने टक्कर मार दी। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 15 वाहन इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे विमान में सवार थे या सड़क पर मौजूद गाड़ियों में थे।

### बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान क्रैश

बताया जा रहा है कि यह विमान बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था, जो देश के केंद्रीय बैंक से नए छपे नोट दूसरे शहरों में ले जा रहा था। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, लेकिन दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### हाईवे पर बिखरे नोट और विमान के मलबा

सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सड़क पर विमान का मलबा, पूरी तरह तबाह गाड़ियां और बिखरे हुए नोट दिखाई दे रहे हैं। बड़ी मात्रा में नकदी एयरपोर्ट के बाहर फैल गई थी, जिसे उठाने के लिए सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को दंगा-रोधी उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा।

### दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू

इस गंभीर हादसे के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही सही वजह का पता चल पाएगा।

# सीआईएसएफ के 32545 सिपाही बने 'सीनियर कांस्टेबल'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सीआईएसएफ ने अपने बल कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सीनियर कांस्टेबलों के लिए एक विशिष्ट इंसिग्निया (चिन्ह) की शुरुआत की है। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति उनकी दीर्घकालिक, अनुशासित और समर्पित सेवा के अनुभव को सम्मानित एवं मान्यता प्रदान करना है। नई दिल्ली स्थित सीआईएसएफ मुख्यालय में एक औपचारिक आदेश जारी कर 32545 कांस्टेबलों को यह इंसिग्निया धारण करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### 50 कांस्टेबलों के लिए पिनिंग समारोह

सिपाहियों का मनोबल बढ़ाने और उनकी सेवाओं की पहचान के लिए विशिष्ट चिन्ह प्रदान करने की शुरुआत की गई है। इस मौके पर शनिवार को 50 कांस्टेबलों के लिए एक गरिमामय पिनिंग समारोह आयोजित किया गया। इसमें सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन सहित दूसरे वरिष्ठ अफसरों ने विशिष्ट इंसिग्निया प्रदान किया। महानिदेशक ने कांस्टेबलों की दीर्घ, स्वच्छ एवं समर्पित सेवा की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इसी उत्साह, अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ सेवा जारी रखने पर बल दिया। कांस्टेबलों के चुनौतीपूर्ण कार्य-स्वरूप को रेखांकित करते हुए प्रवीर रंजन ने उनके परिवारों के अमूल्य सहयोग को भी स्वीकार किया।

### कांस्टेबलों और नव-प्रशिक्षित कार्मिकों के बीच अंतर

इस इंसिग्निया की शुरुआत से अनुभवी कांस्टेबलों और नव-प्रशिक्षित कार्मिकों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित होगा। अब तक नए प्रशिक्षित कांस्टेबल और दस वर्ष से अधिक अनुभव वाले कांस्टेबल एक समान वर्दी धारण करते थे। इस पहल से अनुभवी कांस्टेबलों को उनके अनुभव, समर्पण और बल में निरंतर योगदान के लिए स्पष्ट एवं सम्मानजनक पहचान प्राप्त होगी।

### दूसरे पदों पर होगी यह शुरुआत

महानिदेशक ने बताया कि इसी प्रकार अन्य स्थिर पदों पर कार्यरत कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनके तहत एएसआई को उपनिरीक्षक (कार्यकारी) का स्थानीय रैंक तथा निरीक्षकों को सहायक कमांडेंट का स्थानीय रैंक प्रदान करने का प्रस्ताव है। यह इंसिग्निया दाहिने हाथ की बांह पर पहना जाएगा। इसे उन कांस्टेबलों को प्रदान किया जाएगा, जिन्हें एमएसीपी योजना के अंतर्गत प्रथम वित्तीय उन्नयन प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत समान पद पर 10 वर्ष की निरंतर सेवा तथा स्वच्छ सेवा अभिलेख वाले कार्मिक पात्र होते हैं।

# गाजियाबाद लोनी क्षेत्र में सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमला, गला रेतने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र में अशोक विहार कॉलोनी निवासी सलीम वास्तिक पर शुक्रवार सुबह जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर चाकू से हमला कर गर्दन पर वार किया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से सलीम वास्तिक को गंभीर अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, सलीम वास्तिक पूर्व में सोशल मीडिया पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ दिए गए बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं। हालांकि, पुलिस अभी हमले के पीछे की सटीक वजह की जांच कर रही है और किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही लोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। अज्ञात हमलावरों की तलाश में टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घायल का उपचार प्राथमिकता पर कराया जा रहा है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। इलाके में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# अजमेर में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, बोले, देश को बदनाम करना पुरानी आदत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अजमेर अजमेर के कायड़ विश्रामस्थली में शनिवार को आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की देश और सेनाओं को बदनाम करने की पुरानी आदत रही है और वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की छवि खराब करने की कोशिश करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पहले 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' थी, लेकिन अब उसका स्वरूप बदल गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के प्रयासों के बीच ऐसी राजनीति उचित नहीं है। प्रधानमंत्री ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में दुनिया के कई देशों के शीर्ष नेता और बड़ी कंपनियों के प्रमुख भारत की प्रशंसा कर रहे हैं। उनके अनुसार, इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा है और देश की क्षमता को नई पहचान मिली है।

### 21,800 युवाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में 21,800 युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मंच पर अंकिता मीणा, जिन्हें सीएचसी ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिली और मुकेश प्रजापत, जिन्हें जूनियर इंजीनियर के पद पर नियुक्ति दी गई, को प्रधानमंत्री ने स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में पेपर लीक की खबरें सामने आती थीं, लेकिन अब पारदर्शिता के साथ युवाओं को अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

### 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 17 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और राजस्थान विकास के नए पथ पर आगे बढ़ेगा।

### एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (।क्क्ष्) टीकाकरण अभियान की शुरुआत भी की। उन्होंने इसे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि इससे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को मजबूती मिलेगी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संबोधन

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 'डबल इंजन' मॉडल के तहत विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और केंद्र व राज्य सरकार मिलकर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही हैं।

# डेवलपर्स ने एक ही जमीन कई खरीदारों को बेची, 14.63 करोड़ की आपराधिक आय

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

साई सूर्या डेवलपर्स के मालिक सतीश चंद्र गुप्ता ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर कई निवेशकों को धोखा दे दिया। सबसे पहले वह उन्हें जमीन दिखाता। जमीन पसंद आने पर यह वादा करता कि जल्द ही उसकी रजिस्ट्री करा देगा। निवेशक उस पर भरोसा कर पूरी राशि दे देते थे। जब लंबे समय तक रजिस्ट्री नहीं हुई तो निवेशकों को शक हुआ। पता चला कि गुप्ता ने उन्हें धोखा दिया है। एक ही जमीन, कई निवेशकों को बेचकर 14.63 करोड़ की आपराधिक आय अर्जित कर ली है।

# चुनाव से पहले ममता का महिला सुरक्षा पर जोर
## कोलकाता में पिंक बूथ और शाइनिंग पेट्रोलिंग टीमों का एलान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगामी चुनाव से पहले महिलाओं की सुरक्षा मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कोलकाता पुलिस की दो नई पहलों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर ऑल-वुमन पिंक बूथ स्थापित किए जाएंगे, जो शाम से लेकर आधी रात तक संचालित रहेंगे। इन बूथों पर तैनात महिला पुलिसकर्मी सीधे तौर पर महिलाओं की सहायता और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इन पिंक बूथों के जरिए शहर की महिलाएं जरूरत पड़ने पर सीधे महिला अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगी, जिससे सुरक्षा के प्रति भरोसा और बढ़ेगा।

### शाइनिंग मोबाइल पेट्रोलिंग टीम क्या करेगी?

इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 'शाइनिंग' नाम से ऑल-वुमन मोबाइल पेट्रोलिंग टीमों की तैनाती की भी घोषणा की। ये टीमें रात 8 बजे से सुबह 2 बजे तक ईएम बाइपास और शहर की अन्य प्रमुख सड़कों पर गश्त करेंगी, जिनका इस्तेमाल बड़ी संख्या में कामकाजी महिलाएं रात के समय करती हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि कोलकाता वर्षों से देश का सबसे सुरक्षित शहर बना हुआ है और ये दो नई पहल महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। कोलकाता पुलिस के अधिकारियों द्वारा इन पहलों की तैनाती, संचालन और रणनीति से जुड़े विस्तृत दिशा-निर्देश जल्द साझा किए जाने की उम्मीद है।

# आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्टरी धमाके में 21 लोगों की मौत, आठ लोगों की हालत गंभीर



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काकीनाडा**

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्टरी में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है।

### काकीनाडा में धमाके के बाद सरकार क्या बोली?

पटाखा फैक्टरी में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा, काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है।

### धमाके के समय फैक्टरी में कितने लोग मौजूद थे?

सीएम नायडू ने कहा, राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्टरी में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

# दिल्ली में गर्मी ने जल्द दे दी दस्तक: बीते 2 साल का रिकॉर्ड टूटा, शनिवार रहा सबसे गर्म दिन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से इस बार गर्मी ने जल्दी दस्तक दे दी है। आलम यह है कि फरवरी माह में ही गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए हैं। ऐसे में बीते 2 साल के बाद शनिवार का दिन सबसे गर्म दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आकंड़ों के अनुसार, साल 2025 में 26 फरवरी को दिन का तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस और 19 फरवरी 2024 में 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दूसरी ओर शनिवार को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का भी सबसे अधिक पारा रहा। इसके अलावा, मौसम विभाग के आकंड़ों पर नजर डालें तो इस बार का फरवरी माह का औसत दिन का तापमान बीते 2 साल में अधिक दर्ज किया गया। इस बार अधिकतम तापमान 27.1 रहा। वहीं, साल 2025 में 26.7 और साल 2024 में 24.4 रिकॉर्ड किया गया।

# होली से पहले रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों पर बढ़ी भीड़, नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों के लिए बेहतर इंतजाम



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

होली के नजदीक आते ही रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भीड़ बढ़ाना शुरू हो गई है। दूर-दराज से आकर दिल्ली में काम करने वाले लोग शनिवार से ही अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे हैं।इसको लेकर रेलवे ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बैरिकेडिंग की गई है। जगह-जगह सुरक्षा के इंतजाम हैं। काउंटर बढ़ाकर लाइनें अलग-अलग कर दी गई हैं। यात्री आसानी से स्टेशन में प्रवेश कर पा रहे हैं। विशेष होल्डिंग एरिया और फर्स्ट एड बूथ बनाए गए हैं। साथ ही उत्तर रेलवे ने होली पर अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेनें फरवरी के अंत से मार्च के मध्य तक विभिन्न तिथियों में संचालित होंगी। रेलवे के अनुसार, छपरा-आनंद विहार टर्मिनल और गोरखपुर-नई दिल्ली रूट पर 3 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। ट्रेन संख्या 05089/05090 छपरा-आनंद विहार टर्मिनल-छपरा के बीच सप्ताह में दो दिन चलाई जाएगी। यह ट्रेन 5 फरवरी से 15 मार्च तक संचालित होगी। छपरा से यह प्रत्येक बृहस्पतिवार व शनिवार, जबकि आनंद विहार टर्मिनल से शुक्रवार व रविवार को चलेगी। इस सेवा के तहत कुल 4-4 फेरे लगाए जाएंगे। ट्रेन में एसी, स्लीपर व जनरल कोच उपलब्ध रहेंगे। रास्ते में यह ट्रेन मऊ, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद सहित प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 05071/05072 छपरा-आनंद विहार टर्मिनल-छपरा के बीच साप्ताहिक रूप से चलाई जाएगी। यह 2 से 17 मार्च तक संचालित होगी। छपरा से प्रत्येक सोमवार व आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इस ट्रेन में भी एसी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 05101/05102 गोरखपुर जंक्शन-नई दिल्ली-गोरखपुर जंक्शन के बीच ट्राई-वीकली चलाई जाएगी।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस की काठमांडो की उड़ानें प्रभावित बंगलूरू हवाईअड्डे पर यात्रियों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




बंगलूरू से नेपाल जाने वाले यात्रियों ने एअर इंडिया के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसकी वजह से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि दो दिनों तक कुप्रबंधन के कारण उनकी यात्रा योजना पूरी तरह बाधित हो गई। एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने लगातार दो दिनों तक उड़ानें प्रभावित होने की वजह खराब मौसम बताई है। प्रवक्ता ने बताया कि 26 और 27 फरवरी को निर्धारित उड़ानों को काठमांडो में प्रतिकूल मौसम के चलते डायवर्ट करना पड़ा। इस कारण कल (27 फरवरी) की बाधित सेवा के यात्रियों को वापस लाने के लिए आज (28 फरवरी) संचालित की गई अतिरिक्त उड़ान को भी इसी वजह से डायवर्ट करना पड़ा।

### यात्रियों को हुई असुविधा

प्रवक्ता ने आगे कहा कि इन यात्रियों को लाने के लिए एक मार्च को एक अतिरिक्त रिकवरी उड़ान की योजना बनाई गई है। इस स्थिति के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के मुताबिक, गुरुवार सुबह 10.30 बजे बंगलूरू से काठमांडो के लिए उड़ान भरी गई थी, लेकिन विमान काठमांडो में लैंड नहीं कर सका और वापस लौट आया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। बताया गया कि वही विमान शुक्रवार सुबह फिर से रवाना हुआ, लेकिन इस बार भी काठमांडो में नहीं उतर सका और उसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। यात्रियों का कहना है कि लखनऊ में उतरने के बाद उन्हें कई घंटों तक विमान के अंदर ही बैठे रहने को मजबूर किया गया।

### मुआवजे की मांग

एक यात्री ने विरोध के दौरान कहा, 'हमें घंटों तक विमान के अंदर बिना किसी स्पष्ट जानकारी के रखा गया। कोई यह नहीं बता रहा था कि आखिर हो क्या रहा है।' काफी देर तक इंतजार करने और थकान के बाद यात्रियों ने विमान के भीतर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके बाद एयरलाइन को उन्हें वापस बंगलूरू लाना पड़ा। बंगलूरू पहुंचने पर कई यात्रियों ने इमिग्रेशन क्षेत्र के पास धरना दिया और दो दिन बर्बाद होने पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि उन्हें कुल मिलाकर 30 घंटे से अधिक समय तक विमान के भीतर रखा गया। उन्होंने एयरलाइन पर आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की।